रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 27 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 276 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### विनय कुमार ने दिल्ली के उपराज्यपाल पद की शपथ ली



**नई दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष रहे विनय कुमार सक्सेना ने राज निवास में आयोजित एक समारोह में दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने सक्सेना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद श्री सक्सेना ने कहा कि दिल्ली की जनता को बताना चाहता हूं कि मैं उपराज्यपाल के रूप में नहीं, बल्कि स्थानीय अभिभावक के रूप में काम करूंगा।

### भारत ने इंडोनेशिया को 16-0 से रौंदा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में चल रहे हॉकी हीरो एशिया कप के पूल-ए के मुकाबले में भारत ने इंडोनेशिया को 16-0 की करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारत ने पूल-ए में पाकिस्तान से ऊपर पहुंचकर जापान के साथ अंतिम-चार में प्रवेश कर लिया है। पहले मुकाबले में ड्रॉ और दूसरे मुकाबले में हार के बाद भारत को अंतिम-चार में पहुंचने के लिये इंडोनेशिया को कम से कम 16 गोल के अंतर से हराने की आवश्यकता थी।

# दो कंपनियां जायसवाल निको में मर्ज किया गया उनकी स्थापना, ग्रीन बेल्ट की हो जांच : आप

## नेशनल एनवायरमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट से पर्यावरण मुद्दों पर निष्पक्ष जांच कराने की मांग

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

जायसवाल निको इंडस्ट्रीज द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट पर आम आदमी पार्टी के नेता संदीप तिवारी ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कंपनी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कई बार चर्चा की गई है कि उसके द्वारा 467 एकड़ में ग्रीन बेल्ट बनाया गया है। कंपनी द्वारा यह भी दावा किया गया है कि उन्होंने 487264 पेड़ लगाए हैं। यह जांच का विषय है कि 467 एकड़ में 487264 पेड़ कैसे लग गए? जबकि अगर नियमानुसार वृक्षारोपण किया जाए तो एक एकड़ में सिर्फ एक लाख पेड़ ही लग सकते हैं। इसकी जांच निष्पक्ष एनजीओ के माध्यम से कराई जानी चाहिए कि कहीं झाड़ियों को तो पेड़ बताकर नहीं गिनाया जा रहा है?

पायनियर लगातार







## सिलतरा और उरला इंडस्ट्रियल एरिया में लगे उद्योगों की पहले भी हाईकोर्ट के प्रकरण क्र. 5978/2005 के दौरान वर्ष 2007 में नीरी द्वारा जांच कराई गई थी



आम आदमी पार्टी के नेता रायपुर से लोकसभा प्रत्याशी रहे संदीप तिवारी ने जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के स्टील संयंत्र के विस्तार और आधुनिकरण के मामले में नए सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। उन्होंने कहा विस्तार की अनुमति दी जाने के पूर्व नीरी (नेशनल एनवायरमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट) नागपुर से विस्तार और आधुनिकरण के प्रस्ताव की पूरी जांच कराई जाये। सिलतरा और उरला इंडस्ट्रियल एरिया में लगे उद्योगों की पहले भी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के प्रकरण क्र 5978/2005 बलराम साहू विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य में दिए गए आदेश उपरांत वर्ष 2007 में नीरी द्वारा जांच कराई गई थी। तिवारी ने बताया कि कंपनी ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए जो इंपैक्ट एसेसमेंट रिपोर्ट जमा की है, उस में उल्लेखित तथ्यों की पूर्ण जांच नीरी द्वारा कराई जानी चाहिए। रिपोर्ट में बताया गया है कि उद्योग में ध्वनि प्रदूषण नॉइस पोलूशन रूल में उल्लेखित मानक स्तर से कम रहेगा इस बात की और अन्य सभी पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। तिवारी ने का कि पूर्व में अभिजीत इंफ्रा लिमिटेड और कॉरपोरेट इस्पात एलाइड लिमिटेड नामक दो कंपनियों को जयसवाल निको कंपनी में मर्ज किया गया। इन दोनों कंपनियों को क्रमशः 31 अगस्त 2005 और 2 मई 2006 को संयंत्र स्थापना की अनुमति पर्यावरण संरक्षण मंडल ने दी। आम जन में दी गई अनुमती को लेकर शंका उठ रही है इसलिए इसकी भी जांच होनी चाहिए की दोनों संयंत्रों की स्थापना तत्कालीन पर्यावरण संरक्षण नियमों और प्रावधानों के के तहत हुई कि नहीं? और पर्यावरण संरक्षण मंडल ने संयंत्र स्थापना की जो अनुमति दी वह नियम अनुसार है कि नहीं?

### वायु प्रदूषण समाज के लिए घातक



वायु प्रदूषण समाज के लिए बहुत ही घातक है। शहर के आसपास फैक्ट्री का धुआं हो या गाड़ियों का उसमें से जो सल्फर आक्साइड गैस रिलीज होता है उससे आम जनता को फेफड़ों में बबल्स बन जाते लंग सिकुड़ने लगता है, जिससे सांस लेने की कैपेसिटी कम हो जाती है। लंस सिकुड़ने से सांस तकलीफ बढ़ सकती। जहरीला धुआं जब हवा में मिलकर बहता है तो लंग को सबसे ज्यादा डेमेज करता है, जिसे सीओपीडी कहते है। अस्थमा होने से व्यक्ति की कार्यक्षमता कम हो जाती है, जिससे सोसायटी के साथ परिवार को भी नुकसान उठाना पड़ता है। फैक्ट्री का धुआं सबसे खतरनाक होता है इसमें सल्फर आक्साइड की मात्रा सबसे अधिक होती है। जो सीधे फेफड़ों में अटेक करती है। जिस तरह दिल्ली में एयर प्रदूषण है, वहां कहां जाता है कि यदि दिन भर दिल्ली में घूम गए तो 200 पैकेट सिरगेट का धुआ फेफड़ों में जम जाता है। एयर पॉल्यूशन, वाटर पॉल्यूशन से भी घातक है।

**-डॉ. नितीन गोयल, रायपुर**

### सिमगा में आयरन इस्पात स्थापित होने से पहले विरोध शुरू

भाटापारा। सिमगा विकासखंड में प्रस्तावित स्पंज आयरन फैक्ट्री का विरोध शुरू हो चुका है। दो दर्जन से ज्यादा गांव के किसान फैक्ट्री लगाने के विरोध में लामबंद हो चुके हैं। किसान नेता शैली भटिया और पूर्व जनपद सदस्य के नेतृत्व में हजारों किसान जुट चुके हैं, गौरतलब है कि सिमगा कृषि प्रधान क्षेत्र है इस क्षेत्र का मुख्य व्यवसाय कृषि है सिमगा क्षेत्र के निवासी धान, दलहन, तिलहन, सब्जी और फलों का उत्पादन करते है। यहां आय का प्रमुख स्रोत खेती है, ऐसे में प्लांट लगा तो किसानों को नुकसान होना तय है। इस क्षेत्र में 4 से 5 में स्टील प्लांट की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इससे कृषि क्षेत्र के साथ-साथ फसल उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा, प्रदूषण की समस्या ग्रामीणों को झेलना पड़ेगा, आस पास के गांव उद्योग लगने से कृषि कार्यों में, प्लांट से निकलने वाले धुंए, वेस्ट वाटर और अपशिष्ट पदार्थों से कृषि कार्य के साथ-साथ आम जन जीवन प्रभावित होगा। एक समय के बाद यहां कृषि कार्य समाप्त हो जाएगा। जिससे किसानों के सामने जीवकोपार्जन के लिए आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

(विस्तृत खबर पेज 4 पर)

## लश्कर-ए-तैयबा के तीन पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर



एजेंसी ◀ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि तीनों ने घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसके बाद उन्हें सेना और पुलिस ने नियंत्रण रेखा के पास जमागुंड गांव में रोक लिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान कुपवाड़ा पुलिस द्वारा आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोशिश के संबंध में मिली विशेष सूचना के आधार पर शुरू किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि गांव में एक मुठभेड़ हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि मारे गए तीनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे, जो लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के पास से बरामद किए गए आपत्तिजनक सामग्री से तीनों की पहचान पाकिस्तानी के रूप में हुई है, जो आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभी तक जैश-ए-मुहम्मद के 14 और एलईटी के 12 कुल 26 पाकिस्तानी आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

## मोदी सरकार के आठ साल में जनता पर हुए अत्याचार : कांग्रेस

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि आठ साल पहले लुभावने नारों के साथ सत्ता में आई मोदी सरकार के सारे नारे खोखला साबित हुए हैं और बड़े-बड़े सपने दिखाकर उसने देश की जनता को सिर्फ धोखा ही दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अजय माकन और संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आठ साल में अच्छे दिन का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय वादा था लेकिन सही बात यह है कि इस दौरान अच्छे दिन 3,4 उद्योगपतियों, बैंको को लूटकर भागे भगोड़ों और उन 140 लोगों के आए जिनकी आमदनी कोरोना में कई गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि मोदी सरकार के आठ साल के कार्यकाल में 60 लाख छोटे उद्योग तालाबंदी की कगार पर पहुंचे हैं और 12 करोड़ से ज्यादा लोगों की नौकरी गई है। इस दौरान सवा करोड़ से ज्यादा महिलाओं की नौकरी गई है और महंगाई 15 फीसद तक बढ़ गई है लेकिन इस बारे में सरकार कोई चिंता नहीं कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश ही नही वैश्विक स्तर पर भी इस दौरान भारत की छवि धूमिल हुई है और देश में भूखमरी का आंकड़ा 55 से बढ़कर 101 पर आ गया है। सामाजिक प्रगति का आंकड़ा 102 से बढ़कर 115 और लोकतांत्रिक मूल्यों के स्तर पर देश 27 से 46वें स्थान पर पहुंच गया है। प्रवक्ता ने कहा कि आठ साल में इस सरकार ने लोगों को लूटा है और इस दौरान सब्सिडी 12 प्रतिशत कम की गई है।

**गौठानों के माध्यम से बदली स्वसहायता समूह की तकदीर, महिलाओं ने साझा किये अनुभव**

## गोबर बेचकर अपने पति के लिए खरीद ली बाइक, महिलाएं पूरे परिवार को कर रही सशक्त

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



गौठानों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े आर्थिक बदलाव का रास्ता खुल रहा है। बकावंड विकासखंड में आयोजित भेंट मुलाकात में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आर्थिक तरक्की के राह पर निकल पड़े अनेक ग्रामीणों ने अपनी कहानी साझा की। मंगनार से आई नीलिमा देवांगन ने बताया कि गोबर बेचकर उन्होंने 80 हजार रूपए की बाइक अपने पति के लिए खरीदी। सारे सपने गौठान से पूरे हो रहे हैं। गौठान के माध्यम से उनका समूह भी आर्थिक रूप से काफी सशक्त हुआ है। उन्होंने बताया कि हमारा गौठान काफी आगे चल रहा है और दस लाख रुपए हमें वर्मी खाद बेचकर प्राप्त हुआ है। 13 लाख रुपए का केंचुआ बेच चुके हैं। हम लोग सामुदायिक बाड़ी भी चलाते हैं इसके माध्यम से हमने दो लाख रुपए कमा लिये हैं। नर्सरी के माध्यम से हमने 60 हजार रुपए कमाये हैं। मछलीपालन के माध्यम से हम 60 हजार और मुर्गीपालन के माध्यम से हमने 75 हजार रुपए की आय हासिल की है। मुख्यमंत्री ने नीलिमा को बधाई देते हुए कहा कि ऐसा ही काम सभी गाँवों में होना चाहिए। ऐसे ही कृष्णा देवांगन ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने तीन लाख रुपए का गोबर बेचा है और इस पैसे से मक्का मशीन खरीदी है। मुख्यमंत्री ने अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। लोगों ने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ हमें मिल रहा है। भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान काष्ठ शिल्प समिति कोकापाल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को काष्ठ पर उकेरे गोधन न्याय योजना की कृति भी भेंट की। दृष्टिबाधित छात्रा को स्मार्ट फोन एवं अन्य उपकरण खरीदने दिये डेढ़ लाख रुपए- भेंट मुलाकात के दौरान एक दृष्टिबाधित छात्रा भानुप्रिया आचार्य ने कहा कि मैं पढ़ना चाहती हूँ। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से दिक्कत है। उनके दृष्टिबाधित भाई थनेन्द्र ने भी संगीत सीखने की इच्छा जाहिर की। दोनों के लिए भानुप्रिया ने स्मार्ट फोन और टेप रिकार्डर की माँग की। मुख्यमंत्री ने तुरंत इसके लिए डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा की।काजू प्रसंस्करण केंद्र देखा, काजू कतली भी टेस्ट किया और इसे खरीदा भी- बकावंड में काजू प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्र का निरीक्षण किया।



छत्तीसगढ़ शासन



छत्तीसगढ़ को दी भिलाई इस्पात संयंत्र की सौगात

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, बच्चों के चाचा नेहरु,
विश्व के सर्वाधिक सफल लोकतंत्र के शिल्पकार,
योजना आयोग, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों,
IIT, IIM, AIIMS आदि संस्थाओं के माध्यम से
स्वतंत्र भारत को ठोस नींव पर खड़े करने वाले,
सामाजिक न्याय के मसीहा,
भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, भारतरत्न

पंडित जवाहरलाल नेहरु
की पुण्यतिथि 27 मई पर सादर नमन



श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद-32639/76



बेमेतरा विधानसभा के माटीपुत्र, हमारे मार्गदर्शक, ओजस्वी और प्रखर वक्ता, किसानों और बेमेतरा विधानसभा के आमजनों के हितों के लिए हमेशा संघर्षरत् किसान नेता, बड़े भैया

# योगेश तिवारी

को जन्मदिन की

## अशेष बधाई एवं शुभकामनाएं.

बेमेतरा विधानसभा के जनसेवक किसान नेता मान. योगेश तिवारी ने क्षेत्र के किसान, मजदूर, वंचित, शोषित और समाज के अन्य वर्गों के लिए संघर्ष किया, जो आगे भी जारी रहेगा-

01. बेरला ब्लाक के ग्राम बोरसी में शासकीय भूमि को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने का विरोध।
02. अनाधिकृत रूप से बिक रहे झाइम खाद की बिक्री पर रोक लगाने किसानों के साथ ज्ञापन सौंपा।
03. सड़क निर्माण से प्रभावित ग्राम डंगनिया (ब) के किसानों को जमीन का मुआवजा दिलाने बेमेतरा कलेक्टर से मुलाकात।
04. क्षेत्र के किसानों को थमाएं जा रहे अनाप-शनाप बिजली बिल के विरोध में प्रदर्शन।
05. सड़क हादसे में मृत ग्राम कुसमी के किसान के परिवार को पोल्ट्री फार्म संचालक से 05 लाख रूपए और नौकरी दिलाई।
06. वि.स. क्षेत्र के ग्राम सरदा, बोरिया, नेवनारा, मुड़पार में प्रदूषण युक्त प्लांट स्थापना का जनसुनवाई में किसानों के साथ विरोध दर्ज कराया।
07. बारदाना की किल्लत को दूर करने की मांग को लेकर किसानों के साथ कलेक्टोरेट में प्रदर्शन।
08. सहकारी समितियों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा से धान खरीदी करने को लेकर किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन
09. यूरिया संकट को दूर करने क्षेत्र के किसानों के साथ प्रदर्शन।
10. बरसात में सूखे बांध में पानी की मांग को लेकर किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन।



आप एक आदर्श है,
जरूरतमंदो की नि: स्वार्थ भाव
से सेवा के प्रेरणास्त्रोत है आप..
बेमेतरा वि.स. के आम जनमानस
जनसेवक के रूप में आप पर गर्व करते हैं...
बेमेतरा वासियों की ओर से
जन्मदिन की अशेष बधाई एवं शुभकामनाएं...

**मान. योगेश तिवारी**
किसान नेता, वि.स. बेमेतरा



# लर्निंग सेंटर में बच्चों ने दिखाए अपने खिलौने, मासूमियत से कहा-कूद कर आप दिखाओ, सीएम भूपेश ने भी आजमाया हाथ





पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना काल में जब स्कूल बंद रहने पर बच्चों की सीखने की प्रक्रिया बाधित न हो, इसके लिए कलेक्टर के निर्देश पर गांव के युवकों-युवतियों ने दुबागुड़ा में सीख केंद्र अर्थात लर्निंग सेंटर खोल लिया। इस लर्निंग सेंटर में 32 बच्चों को खेलकूद के साथ ही पढ़ाई भी कराई। बच्चों का इतना समग्र विकास हुआ कि आज यहीं के एक बच्चे जीवनदास ने मुख्यमंत्री को अपना लर्निंग सेंटर दिखाया। बच्चे ने अपना गिल्ली डंडा दिखाया, फिर भौंरे का कौशल दिखाया। फिर आखरी में मासूमियत से कहा कि मुझे रस्सीकूद अच्छा लगता है। आप भी कूद कर दिखाओ। मुख्यमंत्री ने बच्चे के आग्रह को मानते हुए रस्सी कूद कर दिखाया। फिर भौंरा भी चलाकर दिखाया। गिल्ली डंडा भी खेला। इससे सारे बच्चे बहुत खुश हो गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बच्चा बहुत प्रतिभाशाली है। आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में इसका एडमिशन कराइये। गांव के युवाओं ने बताया कि शिक्षा के साथ ही खेल की गतिविधि भी कराने से बच्चों में तेजी से विकास हुआ है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महुकुची चावल, तरगरिया, उस्का कांदा की सब्जी का लिया आनंद



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकासखंड बकावंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राजनगर में किसान लखेश्वर कश्यप के घर पर पारंपरिक भोजन का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री को सरगी (साल) के पत्ते से बने पत्तल और दोने में महुकुची चावल(ढेंकी कूटा), कोदो चावल, उसना चावल, बासा भोग, बोड़ा आमट बास्ता(खटाई), चरोटा भाजी, सेमिबीजा+कोयलारी भाजी, उस्का कांदा+ राहर दाल, पेज(कुल्थी+जोन्धरा(मक्का+माड़िया+ चावल), पेज (चावल+माड़िया (रागी), आम गुड़ पुदीना चटनी, केयू सरसों टोपा भेंडा चटनी, केयू सलाद, केयू कांदा सरसों सब्जी, चेंच भाजी+बास्ता(करील), उड़द दाल, कुल्थी दाल, राहर दाल, तरगरिया कांदा सब्जी+कुल्थी,सलाद(प्याज+मूली+गाजर) परोसा गया।

## मुख्यमंत्री ने सक्षम के संग खेला शह और मात का खेल





मुख्यमंत्री ने जगदलपुर के प्रियदर्शिनी स्टेडियम में मल्टीपरपस हॉल का शुभारंभ किया। हॉल के चेस सेक्शन में मुख्यमंत्री पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने नन्हें शतरंज खिलाड़ी सक्षम राव के साथ शह और मात का खेल खेला। मुख्यमंत्री ने सक्षम की शुरुआती चाल के जवाब में अपने मोहरे को दो खाने आगे बढाते हुए अपनी पहली चाल चली। उन्होंने शतरंज के माहिर नन्हे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

आप तो मुझे देखने लगे, आपका ऊंट तो गया। कोई परेशानी नहीं, वजीर आगे बढ़ा सकते हो''। चेस के स्टेट प्लेयर्स बच्चों के बीच चल रहे गेम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अचानक पहुंचे और यह कहकर बच्चों को चौंका दिया। दरअसल बच्चे का ध्यान मुख्यमंत्री को देखकर बाजी से हट गया था और उसने चूक कर दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेस में तल्लीनता जरूरी होती है। आपने तल्लीनता खो दी और आपका ऊंट खतरे में आ गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बच्चों को चेस के कुछ टिप्स भी बताये। मुख्यमंत्री के सामने चेस खिलाड़ी प्रियांश तिवारी और मानस तिवारी गेम खेल रहे थे। मुख्यमंत्री ने चेस प्लेयर बच्चे सक्षम के साथ एक गेम भी खेला। उन्होंने चेस खेल रहे बच्चों को कहा कि शतरंज का खेल भारत का प्राचीन खेल है और बहुत बौद्धिक खेल है। यह खेल मानसिक विकास के लिए सबसे अच्छा गेम है। बहुत अच्छी बात है कि आप लोग स्टेट लेवल पर खेल रहे हैं।

## रोती हुई बेटी को पास बुलाया, सिर पर हाथ फेरा और पानी पिलाया



भैंसगांव में आयोजित भेंट-मुलाकात के दौरान भीड़ के किसी कोने में एक बच्ची सुबक रही थी। सबका ध्यान मुख्यमंत्री के संवाद की ओर था। भीड़ से मुखातिब मुख्यमंत्री को इस बच्ची का रोता चेहरा दिखा। उन्होंने तुरंत बिटिया को पास बुलाया और उसके आंसू पोछे। बिटिया का नाम और समस्या पूछी। बस्तर विधानसभा का भैंसगांव ग्राम पंचायत, हजारों की भीड़ में से लोग अपनी अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रख रहे हैं. इस भीड़ में एक बेटी सुबक रही है, आंखों से आंसू बह रहे हैं,कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है.लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पारखी नजरों ने भीड़ में भी रोती हुई बेटी को देख लिया। लोकेश्वरी नाम की बिटिया को मुख्यमंत्री ने अपने पास बुलाया, उसके सिर पर हाथ फेरा और उसे पानी पिलाया। लोकेश्वरी अब शांत थी उसने मुख्यमंत्री से बात की और बताया कि उसके पिता की 15 साल पहले मौत हो चुकी है. घर ना होने की वजह से अपनी विधवा मां और भाई के साथ अपने मामा के यहां रहने को मजबूर है. आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वो और उसका भाई पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि घरेलू कार्यों में मां की मदद करनी पड़ती है।स रोती हुई लोकेश्वरी के आंसुओं को पोंछते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए लोकेश्वरी को 3 लाख रूपए की आर्थिक मदद स्वीकृत कर दी।

# बेहद अतिसंवेदनशील क्षेत्र में विधायक नाग ने किया गोटूल एवं देवगुड़ी का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ∢ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com




आदिवासी संस्कृति को संजोए रखने के लिए क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग एवं उनकी धर्मपत्नी राज्य योजना आयोग की सदस्य कांति नाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, साथ ही राज्य सरकार भी आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इसी तारतम्य में आज अंतागढ़ के क्षेत्रीय विधायक द्वारा अंतागढ़ ब्लॉक के तीन गांव आमाकड़ा, सिरसांगी एवं मुरामेर में 3-3 गोटुल ( घोटूल निर्माण कार्य सहित उसके फेसिंग, हैंडपंप खनन एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण ) एवं 3-3 देवगुड़ी के निर्माण ( देवगुड़ी निर्माण सहित फेसिंग एवं हैंडपंप खनन कार्य ) हेतु स्वयं जाकर भूमिपूजन किया गया। बता दें, प्रत्येक घोटूल की निर्माण लागत 11 लाख एवं प्रत्येक देवगुड़ी की निर्माण लागत 5.50 लाख रुपए है जिस आधार पर कुल 49 लाख 50 हजार रूपए के निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ । साथ ही ग्राम सीरसांगी जो कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र है उस ग्राम में आजादी के बाद से आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुँचा, वहीं विधायक नाग द्वारा ग्राम सीरसांगी पहुंच कर देवगुड़ी एवं गोटुल का पारंपरिक रीति रीवाजों को ध्यान में रखते हुए अपने हाथों से भूमि पूजन किया गया। ग्राम सीरसांगी निवासी लच्छू राम जो क़रीब 65 वर्ष के हैं उन्होने बताया कि आज तक हमारे गांव में कोई भी विधायक या जनप्रतिनिधि नहीं आए, उन्होंने कहा कि इससे पहले विधायक, सांसद एवं मंत्री रह चुके विक्रम उसेंडी जिनका गृहग्राम बोंदानार है व जो कि हमारे गांव से महज 4 से 5 किलोमीटर की दूरी पर ही होगा, वे भी ग्राम सीरसांगी में एक बार भी अपनी उपस्थिति नहीं दे पाए। ग्राम सीरसांगी के ही बुजुर्ग सनाउराम का कहना है कि हमारे गांव में कोई भी जनप्रतिनिधि या नेता आज तक नहीं आए, चुनाव के समय पार्टी के कार्यकर्ता आकर वोट मांगते हैं, पर जो भी पार्टी जीत जाती है उसके जनप्रतिनिधि इस गांव में आज तक नहीं आए। उन्होंने कहा आज पहली बार हमारे गांव में विधायक को देखकर वह खुशी का अनुभव कर रहे हैं। ज़ाहिर सी बात है जिस गांव में आजादी के बाद कोई विधायक या सांसद नहीं पहुंच सका उस गांव में विधायक अनूप नाग का पहुंचना ग्राम सीरसांगी के लोगों के लिए खुशियों के साथ आश्चर्य से कम नहीं था। ग्राम सीरसांगी के बाद आमाकड़ा में देवगुड़ी एवं गोटुल के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया, तत्पश्चात विधायक अनूप नाग मुरामेर के लिए प्रस्थान कर गए, जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया पारंपरिक परिधानों में पारंपरिक वाद्य यंत्रों को साथ लेकर आदिवासी युवक युवतियों ने विधायक अनूप नाग का आत्मीयता से स्वागत किया। बता दें इसी क्षेत्र के आमाकड़ा में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए बीते आठ अप्रेल को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी शिरक़त की थी। इस कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ से आदिवासी युवक युवतियां भारी संख्या में शामिल हुए थे, जिन्होंने अपनी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था, जिसका आयोजन कांति नाग के संरक्षण में संपन्न हुआ था। मुरामेर में हुए कार्यक्रम में परमा उईके द्वारा मंच संचालन किया गया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपनी समस्याओं को विधायक के सामने खुल कर रखने की अपील की। क्षेत्र के युवक युवतियों सहित महिला एवं पुरुषों ने भी अपनी कई मांगे विधायक अनूप नाग के सम्मुख रखा, जिन मांगों को पूर्ण करने के लिए विधायक अनूप नाग ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा की गई मांगें जल्द ही पूर्ण की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

परमानंद उईके, सतीश टेकाम, रफीक खान, बीरेंद्र पटेल, चमरा दर्रो, सना दर्रो, कगलू दर्रो, सुबोसिंह गावड़े, सुकदेव गावड़े, चमरू राम दर्रो, रजनू दर्रो, श्रीमती बिरोजा सलाम, जुगाय दर्रो, रुखमी गावड़े, कमलू कोमरा, पिथु, तुरासिंह दुग्गा, भुवन मंडावी, बीरासिंह मंडावी, सुखराम दुग्गा, भिगु उसेंडी, राजूराम उसेंडी, मनोज मंडावी, बैजू मंडावी, समसाय कोमरा, सूरजबती गावड़े, सुनीता उसेंडी, भागबती दर्रो, अनिल कोमरा, हरीश मंडावी, मनीषा मंडावी, महेश्वरी हुपेंडी, सुरजु मंडावी, देवशिला मरकाम, सरपंच कलेपरस समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# हॉकी ग्राउंड में कार चालक की लापरवाही से महिला को गवाना पड़ा अपना बायां पैर

पायनियर संवाददाता ∢ बचेली
www.dailypioneer.com



बीते दिनों रात के वक्त हॉकी ग्राउंड में उस वक्त हादसा हो गया था जब गरिमा अपने परिवार के साथ ग्राउंड के किनारे अपनी ढाई साल की बच्ची चारवी को गोद मे लेकर अपने पति राज पराग भोपले के साथ बैठी थी। अब गरिमा ने सपने में भी नही सोचा होगा कि छोटे से ग्राउंड में जहां नगर के लोग वाकिंग करने आते है चारो ओर से बाउंड्री व जालिया है। वहां बाउंड्री में बैठे हुए को मैदान के अंदर कोई कार आकर ठोक दे।

एक पल में ही हादसे ने गरिमा की जिंदगी बदल दी। आपको बता दे कि गरिमा ने इस हादसे में अपना एक पैर खो दिया। वही छोटी बच्ची चारवी को सर में 14 टांके लगे है। गरिमा ने जैसे ही कार अपनी तरफ आते देखा बच्ची चारवी को खींच लिया और गोद मे कसकर पकड़ लिया जिससे उसकी जान बच सकी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गरिमा मैदान की सीमेंट बाउंड्री और कार के बीच फसी हुई थी दर्द से कराह रही थी और बच्ची उसकी गोद मे थी। ज्ञात हो कि मारुति कार क्रमांक सीजी 18 क्यू 0473 ग्राउंड के अंदर लापरवाही करते हुए चालक महेंद्र ठाकुर ने अचानक नियंत्रण खोते हुए सीधा जाकर महिला को ठीक दिया था।

**आवाज सुनकर लोग पहुंचे थे** – लोगो ने फौरन कार और बाउंड्री वॉल के बीच फंसी घायल महिला व बच्ची को एनएमडीसी अपोलो अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार कर महिला को बेहतर इलाज हेतु हैदराबाद रेफर किया था। आपको बता दे कि इस दुर्घटना में महिला का बायां पैर इतना ज्यादा छतिग्रस्त हो गया था कि डॉक्टरों को महिला का बायां पैर काटना पड़ा वही दूसरे पैर में भी हड्डियां बुरी तरह से टूट चुकी है जिसका ऑपरेशन किया जाना है। हादसे में ढाई साल की बालिका चारवी को भी सर पर 14 टाँके लगे है। परिजनों का महिला की हालत देखकर रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक छोटे से ग्राउंड में कार चलाना कैसे सही हो सकता है जबकि इस ग्राउंड में लोग रोजाना वाकिंग करते है। कार चालक की लापरवाही ने महिला की जिंदगी को नर्क बना दिया। हादसे पर आस पास रहने वाले एनएमडीसी कर्मचारियो में नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगो ने बताया कि कई दिनों से हॉकी ग्राउंड के अंदर कुछ लोग कार सीखने आ रहे है। इसकी शिकायत एनएमडीसी के कार्मिक विभाग के अधिकारियों को दी गयी थी कि ग्राउंड में लोग वाकिंग करने आते है ऐसे में ग्राउंड में कार चलने से हादसा हो सकता है परंतु कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने मामले को गम्भीरता से नहीं लिया जिससे यह हादसा हो गया। मामले में कार चालक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई है। पुलिस थाना बचेली के एएसआई केशव ठाकुर ने बताया कि मामले में पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर कार चालक के ऊपर धारा 279,337 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। आगे की कार्यवाही में पीड़िता का बयान लेकर गवाहों के बयान के आधार व मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी फिलहाल जांच जारी है।

# भूपेश बघेल के दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान विरोध कर रहे भाजपाइयों को गिरफ्तार किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन आज अपने दंतेवाड़ा प्रवास पर थे और उनके चुनावी वायदों को याद दिलाने जब भाजपा पदाधिकारी सड़क पर उतरे तो उन्हें जबरन गिरफ्तार कर इ टी हॉस्टल बचेली भेज दिया गया 7 भाजपा पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने जमकर नारेबाजी की 7 भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकत्तओ की गिरफ़्तारी पर भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा की प्रदेश सरकार तानाशाह रवैय्या अपना कर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है, ये जो डर और भय की राजनीती भूपेश बघेल करना चाहते है वो सब कुछ साल और है, भाजपा का कार्यकर्ता न डरेगा न झुकेगा और तब तक नहीं रुकेगा जब तक इस तानाशाह सरकार को बदल न दे 7 आज भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कॉंग्रेस सरकार और उनके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी 36 वायदे जो हाथ में गंगाजल की झूठी कसम खा कर प्रदेश की जनता को वायदा किया था वो याद दिलाना चाहते थे पर इस तानाशाह सरकार ने गिरफ्तार कर बचेली इ टी हॉस्टल में कैद कर दिया 7 इस दौरान भाजपा जिलाअध्यक्ष चैतराम अटामी, महामंत्री संतोष गुप्ता, दुर्गा सिंह चौहान,पिंटू उइके, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा,दीपक बाजपेई, आर सी नहक, जयदीप माकन, मण्डल अध्यक्ष दंतेवाड़ा श्रवण कड़ती, मण्डल अध्यक्ष बचेली सुमित सरकार, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर,जिला पंचायत सदस्य रामु नेताम, कोषाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी, कमल सिंह ठाकुर, विनोद तेलाम, नितेश तेलाम सीबू नाग ने गिरफ्तारी दी।

## जिला के सभी सहकारी समिति में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा धरना प्रदर्शन

**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सभी सहकारी समिति में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा है । इसी कड़ी में वर्मी कंपोस्ट की बाध्यता को समाप्त करने व अन्य चार बिंदुओं के मांग के साथ आज दंतेवाड़ा के सहकारी समितियों में भाजपा किसान मोर्चा जिला दंतेवाड़ा द्वारा जंगी धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। सहकारी समिति में भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, बूथ इकाई के सभी कार्यकर्ता एवं सम्मानीय किसान साथी सभी ने अपने अपने नजदीक के सहकारी समिति में धरना प्रदर्शन में शामिल होकर विरोध दर्ज किया।


# एकलव्य खेल परिसर जावंगा के प्रगति ठाकुर का अंडर 20 विमेन वॉलीबॉल इंडिया कैंप में हुआ चयन

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



क्रीड़ा की क्षेत्र में और एक बार दंतेवाड़ा जिला का नाम राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित हुआ। दंतेवाड़ा जिले के एजुकेशन सिटी जावंगा में स्थित एकलव्य खेल परिसर ने जिला प्रशासन के सहयोग से विद्यार्थी खिलाडियों को खेल कूद के प्रशिक्षण के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिता मंच प्रदान कर रही है। आगामी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए भारतीय वॉलीबॉल टीमों का चयन परिक्षण महिलाओं के लिए 18 से 20 मई 2022 तक और पुरुषों के लिए 22 से 25 मई 2022 तक भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र, बैंगलोर, कर्नाटक में किया गया। यह चयन परिक्षण खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण की एक स्वतंत्र समिति द्वारा किया गया और आगामी राष्ट्रीय शिविरों के लिए एथलीटों का चयन हुआ है। इसी ट्रायल में छत्तीसगढ़ दंतेवाड़ा के एकलव्य खेल परिसर के वॉलीबॉल कोच श्रीकान्त मोदी के प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थी कुमारी प्रगति ठाकुर, दीक्षा पुजारी, ओम बागी, हर्षित ने हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का अच्छे प्रदर्शन दिया। शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में अध्ययनरत विधार्थी कुमारी प्रगति ठाकुर का अंडर 20 महिला वॉलीबॉल टीम इंडिया के कैंप केलिए चयन हुआ। पूरे देश भर में इंडिया कैंप के लिए 21 खिलाडियों को चयनित किया गया, जिसमें प्रगति ठाकुर का नाम सोची में शामिल है। अर्जुन व द्रोणाचार्य अवॉर्डी रमना राव एवं अर्जुन अवॉर्डी पीवी रमना (पीवी सिंधु के पिता) के द्वारा भारतीय टीम का चयन किया गया। यह दंतेवाड़ा तथा छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही गर्व की विषय है। प्रगति बचपन से ही लक्ष्य साधन हेतु लगन से मेहनत करती है। इस से पहले भी प्रगति ठाकुर ने नेपाल अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य स्तर पर वॉलीबॉल खेल कूद प्रतियोगिता स्पर्धा में हिस्सा लेचुकी है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर किया रोड शो का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर ने अपने कर्मचारियों के साथ रायपुर में रोड शो का आयोजन किया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक (जनसंपर्क एवं विपणन) विमल नायर ने बताया कि इस रोड शो का आयोजन भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर देश भर में धूमधाम से मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के समारोह के तौर पर किया गया है।

Bandhan Bank

रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास,
एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन: +91-79-26421671-75

**ऋणीओं के लिए मांग सूचना**

नीचे बताया गया खाता एन.पी.ए. में परिवर्तित किया गया है और बंधन बैंक द्वारा सिक्युरिटाइझेशन एन्ड रिकन्स्ट्रकशन ओफ फायनान्सियल एसेट्स एन्ड एन्फोर्समेन्ट ओफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट (ध एक्ट), 2002 की धारा 13 (2) तहत नीचे बताए गए कर्जदारों को डिमान्ड नोटिस जारी की गई थी, जो वापिस आई है। इस लिए आप सभी को और सार्वजनिक जनता को इस प्रकाशन द्वारा नोटिस जारी की जा रही है।

| ऋणीयों के नाम, और ऋण खाता नं. | बंधक संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का ब्यौरा | मांग सूचना की तिथि/ NPA की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | सूचना चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री लोकेश सोनी<br>श्रीमती दीपिका सोनी<br>861/1249 | सभी चल और अचल संपत्ति लगभग 1100 वर्ग फिट है, जो खसरा नंबर 247/51 जो 19 और 20 का हिस्सा है, नया खसरा नंबर 247/85, सुंदर नगर, कदम प्लाजा के पीछे, दुर्ग -491001 स्थित है और जिसकी चतुर्सीमा निम्नलिखित है: उत्तर: प्रमिला जैन की भूमि, प्लॉट नंबर 12, पूर्व: उमा देवी का प्लॉट, पश्चिम: विक्रेता का प्लॉट नंबर 20, दक्षिण: सड़क | 05.05.2022/<br>18.03.2017 | रु.14,61,448.64 | 20.05.2022 |

आप से इस सूचना के माध्यम से यह मांग की जाती है की इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर आपके नाम के सामने वर्णित बकाया लोन राशि ब्याज, खर्च, शुल्क सहित का भुगतान कर दें, अन्यथा SARFEASI एक्ट की धारा 13 (4) के तहत अगली कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षित संपत्ति को रीडीम करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार का ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

स्थान: दुर्ग
तारीख: 27/05/2022

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

# सिमगा ब्लॉक के कृषि प्रधान ग्राम में 5 स्पंज आयरन प्लांट होंगे स्थापित

## प्लांट स्थापित होने से 22 गांव और 15 से 20 हज़ार हेक्टेयर कृषि भूमि होगी प्रभावित, सिमगा ब्लाक के महापंचायत मिलकर करेंगे पुरज़ोर विरोध

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

सिमगा विकासखंड में प्रस्तावित स्पंज आयरन फैक्ट्री का विरोध शुरू हो चुका है। दो दर्जन से ज्यादा गांव के किसान फैक्ट्री लगाने के विरोध में लामबंद हो चुके हैं। किसान नेता शैली भटिया और पूर्व जनपद सदस्य के नेतृत्व में हजारों किसान जुट चुके हैं, गौरतलब है कि सिमगा कृषि प्रधान क्षेत्र है इस क्षेत्र का मुख्य व्यवसाय कृषि है सिमगा क्षेत्र के निवासी धान, दलहन, तिलहन, सब्जी और फलों का उत्पादन करते है। यहां आय का प्रमुख स्रोत खेती है, ऐसे में प्लांट लगा तो किसानों को नुकसान होना तय है। इस क्षेत्र में 4 से 5 में स्टील प्लांट की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इससे कृषि क्षेत्र के साथ-साथ फसल उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा, प्रदूषण की समस्या ग्रामीणों को झेलना पड़ेगा, आस पास के गांव उद्योग लगने से कृषि कार्यों में, प्लांट से निकलने वाले धुंए, वेस्ट वाटर और अपशिष्ट पदार्थों से कृषि कार्य के साथ-साथ आम जन जीवन प्रभावित होगा। एक समय के बाद यहां कृषि कार्य समाप्त हो जाएगा। जिससे किसानों के सामने जीवकोपार्जन के लिए आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इसलिए किसान इसका विरोध कर रहे हैं। इसी सम्बंध मे सिमगा ब्लाक के जनप्रतिनिधि व किसानो से उक्त सम्बंध पर राय जानने पर एकजुट होकर पर्यावरण व खेती के हित के दृष्टिकोण से विरोध महापंचायत व सर्वदलीय मंच का गठन कर विरोध किये जाने कि बात कही जा रही है।




सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत 5 स्पंज आयरन की फैक्टरी खोले जाने की जानकारी मिल रही है। इसके खुल जाने से 22 गाँव सहित 15 से 20 हजार हेक्टेयर उपजाऊ खेतिहर जमीन बंजर हो जायेगी जिसे बचाने का प्रयास किया जायेगा। जिसका विरोध 22 जून को होने वाले अकलतरा जनसुनवाई मे रखा जायेगा। उक्त फैक्टरीयाँ प्रमुख रुप से झेरिया, कामता, चोरेंगा गाँव मे खोले जाने की संभावना है, जो यह सभी क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र के अंतर्गत आता है। साथ ही राज्य सरकार नरवा, गरवा, घुरवा, बाडी को प्रकृति का चार चिन्हारी मानकर चल रहे है, इसका अस्तित्व भी खत्म हो जायेगा। इसका विरोध किसानों के साथ मिलकर किया जायेगा जो पूरी तरह गैरराजनीतिक होगा।
**- शैली भाटिया,** किसान नेता, सिमगा ब्लॉक

सर्वदलीय बैनर तले सिमगा ब्लॉक मे स्थापित होने जा रहे उद्योग पर्यावरण व कृषि हित के दृष्टिकोण से नुकसानदेह के रुप मे देखा जा रहा है, इस पर विराम लगाये जाने हेतु प्रथम कडी के अंतर्गत 22 जून को अकलतरा जनसुनवाई मे आपत्ति दर्ज कराया जायेगा। वही 31 मई को हजारों के संख्या मे कारवाई को रोके जाने हेतु जिलाधीश के समक्ष बलौदाबाजार जायेंगे व महापंचायत का भी गठन किया जायेगा। जो क्रमशः शांति पूर्वक चरण बध्द आंदोलन होगा।
**- बसंत आडिल,**
पूर्व जिला पंचायत सदस्य

कृषि प्रधान गाँव मे प्लांट का आना दुखद है। कृषि को बढावा देने भाटापारा शाखा नहर का विस्तार किया गया है, जिसका औचित्य फिर 22 गाँव के किसानों के लिये खत्म हो जायेगा, स्थानीय ग्रामवासी बेरोजगार हो जायेंगे, कंपनी सिर्फ काम देने का झासा देता है जो उचित नही है। यह किसानों के साथ कुठाराघात है।
**- रामलाल साहू,**
सम्बंधित गाँव का किसान

खेती बाडी खत्म हो जायेगा, पर्यावरण प्रदूषित होने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट हो जायेगा, पशु पक्षी का भी अस्तित्व खतरे मे आ जायेगा जो यह नही होना चहिये।
**- गोवर्धन साहू,**
सम्बंधित गाँव का किसान

परंपरागत खेती खत्म हो जायेगा जो फैक्टरी स्थापित होगा वह बिना पर्यावरण को नुकसान पहुचाये क्या कृषि फसल उत्पादन कर दे सकता है? नही अपितु खेतिखार से पर्यावरण संरक्षित भी रहता है व लोगों को खाने अन्न भी मिलता है। इसी कारण किसान को धरती पुत्र कहा जाता है, जब जल जंगल जमीन का अस्तित्व ही खत्म हो जायेगा तो किसान की पहचान भी खत्म हो जायेगी।
**- जेठूराम ध्रुव,**
ग्राम झिरिया का किसान

सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत 4 प्लांट लगने कि सम्भावना है जो की उद्योग विभाग से आए पत्र के आधार पर है। अगर कंपनी शासन की निर्धारित शर्तों का पालन करता है तो निश्चित गाँव व शहर के विकास के दृष्टिकोण से इसका विरोध करना अवैधानिक है। महापंचायत को कंपनी के खोले जाने के महत्व व उद्देश्य को लेकर जागरूक कर अवगत कराया जायेगा।
**- डीके. माहेश्वरी,**
अनुविभागीय राजस्व अधिकारी

यदि उद्योग दो शर्तो का पालन करे तो हम किसी भी उद्योग के विरोध में नहीं रहते। पहला सम्बन्धित उद्योग शासन के पर्यावरण, ग्रामीण विकास, स्थानी रोजगार में प्राथमिकता आदि का पालन करें। दूसरा जिस गांव में उद्योग डाला जा रहा है काम प्रारंभ करने से पहले संबंधित ग्राम की जनता का विश्वास जीते। ग्राम सभा और ग्राम पंचायत का प्रस्ताव प्राप्त करें।
**-सुनील माहेश्वरी,**
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता

इसी सम्बंध मे क्षेत्र के मुखिया शिव रतन शर्मा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार उद्योगपतियो से समझौता कर प्लांट खोले जाने की स्वीकृति दे रही है ,उक्त मुद्दे पर गाँव वालों से किसी भी प्रकार की सहमति नही ली गई, गाँव वाले अगर इसका पुरजोर विरोध करते है तो मे ग्रामवासियों के साथ रहूँगा
**-विधायक शिवरतन शर्मा**
भाटापारा विधान सभा

# पुलिस ने एमपी के शराब की तस्करी करने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग भिलाई जिला दुर्ग से एक लग्जरी कार में संडी पलारी क्षेत्र में मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब बेचने के लिए आ रहे हैं। उक्त सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन एवं पीताम्बर पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सायबर सेल बलोदाबाजार एवं थाना पलारी की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम संडी के जर्वे नहर नाली के रास्ते पर आरोपियों की धरपकड़ हेतु तैनात हुई थी। इस दौरान खरतोरा की तरफ से सफेद रंग का होंडा सिटी कार क्र सी.जी. 07 एम. 2075 ग्राम संडी के जर्वे नहर नाली रास्ता के अंदर जाते हुए दिखा। जिसका पीछा करते हुए पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर कार सहित दो आरोपियों को पकड़ा गया।

कार में इस दौरान भिलाई-दुर्ग निवासी रामप्रकाश सिंह और ग्राम भेजरीडीह का अजय कुमार गेण्डरे बैठे मिले। कार की तलाशी लेने पर कार के पीछे सीट एवं डिक्की में मध्यप्रदेश में निर्मित 19 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब मिला, जिसके प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव कुल 950 पाव शराब मिला जिसे विधिवत जप्त किया गया है। जप्त शराब में FOR SALE IN MADHYA PRADESH ONLY लिखा हुआ तथा जप्त शराब की कुल कीमत ?1,04,500 पाया गया है। आरोपियों से पूछताछ पर अजय कुमार गेण्डरे द्वारा एमपी का अंग्रेजी गोवा शराब, भिलाई जिला दुर्ग से लाकर संडी, पलारी क्षेत्र में खपाने की योजना बताया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना पलारी में अपराध क्र. 256/2022 धारा 34(2),59(क),36 आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# प्रचार-प्रसार के अभाव से ग्रामीणों में फोर्टिफाइड चावल को लेकर भ्रांति फैली

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com

जनसाधारण द्वारा जानकारी व पर्याप्त प्रचार प्रसार के अभाव में फोर्टीफाइड चावल को प्लास्टिक चावल समझ कर फेंका जा रहा है, विभाग द्वारा पर्याप्त प्रचार प्रसार के अभाव से ग्रामीणों में फोर्टिफाइड चावल को लेकर भ्रांति फैली है, अब तक प्रचार की तकनीक नाकामी है

पोषक तत्वों की कमी से होने वाली एनीमिया एवं कुपोषण जैसी बीमारियों को दूर करने के उद्देश्य आयरन फोलिक एसिड विटामिन-बी12 युक्त फोर्टिफाइड चावल का वितरण इस वर्ष अप्रैल माह से ही सर्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किया जा रहा है, फोर्टीफाइड चावल सामान्य चावल की अपेक्षा अत्यधिक पौष्टिक भी है और इसके उपयोग से कुपोषण जैसी समस्या की रोकथाम में मदद मिलेगी किंतु जानकारी के अभाव में पर्याप्त प्रचार-प्रसार के अभाव में ग्रामीण जन उक्त उपयोगी चावल को प्लास्टिक चावल समझकर फेंकने लगे हैं ऐसा ही एक मामला पिथौरा में देखने को मिला पिथौरा के सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिला चावल को प्लास्टिक व गुणवत्ता विहीन चावल समझकर व्यक्ति के द्वारा सार्वजनिक स्थल पर फेंका जा रहा था, जिसके बाद उसे नगर के कुछ लोगो ने बताया यह फोर्टिफाइड चावल है जिसे केंद्र सरकार के द्वारा 100 के अनुपात 1 से अन्य चावल के साथ मिला कर बांटा जा रहा है यही नही विकासखंड की शासकिय दुकानों में चावल तो बांटा जा रहा है लेकिन इसकी उपयोगिता व महात्त्वता की जानकारी उपलब्ध नहीं कराने से भृमित ग्रामीणों के द्वारा इस चावल को अलग निकाल कर फेंका जा रहा है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फोर्टिफाईड चावल वितरण की शुरूआत की गई है इस दिशा में माह अप्रैल 22 से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सभी शासकीय दुकानों में जिले में फोर्टिफाईड चावल वितरण शुरू की गयी है।



उक्त फोर्टिफाईड चावल का वितरण अंत्योदय एवं प्राथमिकता, महतारी जतन, निश्शक्त जन, अन्नापूर्णा एवं निराश्रित एकल राशन कार्ड में किया जा रहा है। इस योजना के शुरुआत में जनसाधारण द्वारा जानकारी के अभाव की वजह से फोर्टिफाईड चावल को प्लास्टिक चावल समझा जा रहा था, जो सही नहीं है।

2-3 दिनों में सभी शासकीय दुकानों में पोस्टर लगा दिया जाएगा, जागरूकता हेतू सोशल मीडिया में वीडियो के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है।
**-कमल नारायण साहू**
खाद्य अधिकारी पिथौरा

# डिप्टी रेंजर दीपक तिवारी और टीम ने की बड़ी कार्यवाही



पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

अवैध रूप से संचालित कोयला भठ्ठों में छापेमारी की सीसीएफ नायक रायपुर और वन मंडल अधिकारी रायपुर विश्वेश कुमार एवं एस डी ओ रायपुर मुखर्जी एवं प.आ एस .एल.बंजारे के निर्देशन में स. प.अ. तिल्दा दीपक तिवारी के नेतृत्व में इंदर चंद धनकर वनरक्षक, यदु कुमार साहू वनरक्षक, जागेश बांधे वनरक्षक, सनत कपूर, सौरभ, धर्मेंद्र, राधेश्याम, वाहन चालक रामेश्वर साहू एवं वन स्टॉप तिल्दा के द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम असौन्दा में अलग अलग 2 जगहों में अवैध रूप से संचालित कोयला भठ्ठों में छापेमारी की कार्यवाही किया गया जिसमें मौका स्थल से कुल 60 बोरी कोयला मौका पंचनामा लेके जप्ती की कार्यवाही किया गया आरोपी उमेश साहू वल्द परस साहू और कला राम वल्द राम लाल ग्राम असौंदा को गिरफ्तार कर वनाधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहा लापरवाही पूर्वक खुदाई

- गर्भवती गाय के गड्ढे में गिरने से मौत आमजन को हो रही समस्या

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा अंतर्गत ग्राम सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कि तहत पाईप लाईन विस्तार हेतु जमीन कि खुदाई हो रहा है जिसके बाद ठेकदारों एजेंसी खुदाई करने के बाद बिना भरे गड्ढे को छोड़ दिया जा रहा है जिसके चलते आज सुबह ग्राम केवतरा की बजार चौक में तिहारू राम वर्मा की पालतू गाभीन गाय की गड्ढे में फसने से मौत हो गई जिसके बाद ग्रामीण जन आक्रोश में आ गए है ग्राम के श्रवण वर्मा ने बताया कि उनके घर के सामने खुदाई होने के कारण घर के बच्चों का बाहर निकलना दूभर हो गया है यह ठेकदारों एजेंसी ग्रामीण इलाकों में हद से ज्यादा लपरवाही कर रही है।



# दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत 16 दिव्यांग दंपत्तियों को मिला 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



साप्ताहिक कलेक्टर जन-चौपाल में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत 16 दिव्यांग दंपत्तियों को कुल 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता कलेक्टर डोमन सिंह के द्वारा दिया गया। विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सरकीपार निवासी प्रभुराम पुरैना पत्नि सरस्वती बाई,सिरियाडीह से चन्द्रशेखर साहू पत्नि पूनम साहू, गिंदोला से अरूण पटेल पत्नि गंगा पटेल, सोनपुरी से अमित कुमार यादव पत्नि तरूण यादव, दशरमा से भागवेन्द्र साहू पत्नि चन्द्रकला साहू, भरसेला से दिलेश्वर प्रसाद साहू पत्नि भुनेश्वरी साहू, बरदा से प्रमोद कुमार बांधे पत्नि परमिला बंजारे, विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत ग्राम पिसिद से भोजराम साहू पत्नि पांचो बाई साहू, विकासखण्ड बिलाईगढ अंतर्गत ग्राम पीपरडुला से श्रवण कुमार जांगडे पत्नी दुलौरिन जांगडे, ल्दी से कमल प्रसाद साहू पत्नि निर्मला कुमारी साहू, सुरगुली से देवदास मानिकपुरी पत्नि प्रतिमा मानिकपुरी,भोथीडीह से भूपेश कुमार चेलक पत्नि वृन्दा बाई चेलक, विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम रेंगाडीह से जनकराम साहू पत्नि सुलोचना साहू विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत ग्राम जरौदा से नूतन कुमार यदु पत्नि संतोषी यदु को दिव्यांग प्रोत्साहन राशि वितरण किया गया। इस मौके पर सभी हितग्राहियों ने सरकार एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कण-कण में वही है जिसका न कोई नाम न रूप

# राधा-कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



कथावाचक अशोक कृष्ण महाराज ज्योतिषाचार्य ने कथा में सहयोग करने वाले सभी लोगों को श्रीफल और प्रसाद देकर उनका सम्मान कर श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं को गीता का पाठ कराया और गीता का पाठ करने के कारण को विस्तार पूर्वक समझाया। श्रीमद्भागवत कथावाचक अशोक कृष्ण महाराज ज्योतिषाचार्य जी श्रद्धालुओं को गुरु दीछा दिया और उन्होंने कहा कि जिससे तुम्हारा अस्तित्व है वह गुरु है जब गुरु को चाहोगे तो तुम्हारी हर मनोकामना पूर्ण होगी। गुरु को पाने के बाद कुछ शेष नहीं रह जाता, गुरु को चाहना अर्थात मेरे प्रभु को चाहना है। कण-कण में वही है जिसका न कोई नाम न रुप। कहा गुरु सर्वस्व है, ज्ञान, प्रेम, भाव, भक्ति, स्नेह, करुणा, दया का भंडार गुरु है। कथा के समापन के हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन श्री राधा कृष्ण महिला मानस मंडली एवं श्री राधा कृष्णमंदिर समिति तथा समस्त मोहल्ले वासियो का की ओर से करवाया गया था।श्रीमद्भागवत कथावाचक पूज्य अशोक कृष्ण महाराज ज्योतिषाचार्य ने 9 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथावाचक पूज्य अशोक कृष्ण महाराज ज्योतिषाचार्य जी ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है।

# झीरम के शहीदों को कांग्रेसजनों ने किया नमन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओ को कांग्रेस पार्टी के परिवर्तन यात्रा के दौरान बस्तर के झीरमघाटी में नक्सलियों ने घात लगाकर हमले किये जिसमे तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल,पूर्व नेता प्रतिपक्ष व मंत्री महेन्द्र कर्मा,उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा सहित 31 नेताओं व कार्यकर्ताओं की जान चली गई थी। बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कार्यालय में उन सभी नेताओं की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रुप मे उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को झीरम हमले में घायल व चश्मदीद रहे कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा,पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेशनीतिन त्रिवेदी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने शहीद नेताओं के शहादत को नमन करते हुए कहा कि हमारे नेताओं ने छत्तीसगढ़ के किसानो, नवजवानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति जनजाति के उत्थान के लिए जो सपने देखे थे।

# निगम की तोड़ूदस्ता ने ढहाई केम्प 2 मटन मार्केट में अतिक्रमण कर बनाई दुकानें

■ जोन 3 की राजस्व और विशेष तोड़ूदस्ता की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने निगम की टीम द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त शहर को अवैध कब्जों से मुक्त करने के साथ ही स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की दिशा में प्रयासरत हैं व इसके लिए वे निगम की गठित बेदखली टीम को निर्देश दे रखे हैं। वहीं आयुक्त ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कहीं भी अतिक्रमण की शिकायत आती है तो उनका निरीक्षण कर वास्तविकता का पता लगाए और जल्द बेदखली कार्रवाई की जाए। निगम की तोड़ूदस्ता ने जोन 3 क्षेत्रांतर्गत केम्प 2 शीतला कॉम्पलेक्स के पास मटन मार्केट में तोड़फोड़ की कार्यवाही की। वहां के व्यवसायियों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोगों द्वारा मटन मार्केट में बाजार की अतिरिक्त खाली जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है और दुकान का निर्माण कर मांस का विक्रय किया जा रहा है। मार्केट में अतिक्रमणकारियों द्वारा लंबे समय से लगभग 10 बाई 8 की दो दुकानें बनाकर मांस बेचा जा रहा था। जोन 3 आयुक्त येशा लहरे के दिशा-निर्देशन में निगम की तोड़ूदस्ता ने छावनी पुलिस बल की उपस्थिति में जेसीबी से दो व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को ढहाया गया। नोटिस देने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा था। राजस्व विभाग और विशेष तोड़ूदस्ता की टीम के संयुक्त प्रयास से अतिक्रमण को हटाया। तोड़फोड़ कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सोरी, रोहित यादव, मनहरण साहू व दिनेश सहित जयंत मेश्राम आदि शामिल थे।

# औंधी में हुए हत्या के आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता मृतक की मां एवं छोटा भाई ही निकला हत्या का आरोपी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई 3
www.dailypioneer.com



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिनांक 23.05.2022 को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम औंधी में नारधी के रोड किनारे अज्ञात शव पड़ा है कि सूचना तस्दीकी हेतु मौके पर पुलिस टीम पहुंची व मौके पर पहुंचने पर शव की पहचान निरंजन यादव के होने से मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर जांच में लिया गया। मृतक निरंजन मृत हालत में खून से लथपथ पड़ा था सिर, गर्दन, दोनो बांह, पैर में घुटने के निचे, दोनों पैरों के जांघों एवं सीने पर चोंट के निशान थे मुंह नाक से खून निकलकर सुख गया था प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग सदर कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही में लिया गया दौरान पंचनामा मृतक के शव का पी. एम. कराया गया, शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्ट्या हत्या का मामला होने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण सदर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक की हत्या कर शव को रोड किनारे फेंक देने से अज्ञात आरोपी की पता तलाश करना पुलिस के सामने एक गंभीर चुनौती थी इस तारतम्य में पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुरानी भिलाई विश्वास चन्द्राकर के निर्देशन में भिलाई 03 पुलिस द्वारा टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी के दौरान मृतक के दोस्तों, आस-पास के अन्य लोगों से बारिकी से पूछताछ किया गया, संदेह के आधार में मृतक की मां एवं छोटे भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिने द्वारा प्रारंभिक पूछताछ में घटना कारित करने से इंकार किया जा रहा था पुनः गंभिरता से पूछताछ करने पर दोनो के द्वारा अपराध कबूल करने पर गवाहों के समक्ष मेमोरेण्डम कथन लिया गया जिसके द्वारा बताया गया कि मृतक निरंजन यादव शराब पीने का आदि था और अपने मां पर गलत नियत रखता था जिससे मृतक की मां काफी परेशान रहती थी दिनांक 22.05.12022 के रात्रि करीबन 11.00 बजे रात में भी शराब पीकर आया और बोलने लगा कि तुम छोटे भाई की शादी कर दो मुझे शादी की आश्यकता नहीं है मेरे लिये तुम तो हो ही कहकर छेड़छाड़ करने लगा जिससे आरोपिया श्रीमती कुलेश्वरी यादव अपने पास रखे लोहे के पट्टे से मृतक के सिर में वार किया गया जिससे मृतक जमीन पर गिर गया तब आरोपी ज्ञानेश्वर यादव आया और मृतक के पैर को पकड़ लिया पुनः सिर, सीना एवं पैर के जांघ में मारकर चोंट पहुंचाने से मृतक की मृत्यु हो गई। आरोपियों द्वारा मृतक निरंजन यादव की हत्या करना कबूल करने पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया जाता है।

# महापौर नीरज पाल ने ली नेहरू नगर जोन के अधिकारियों की बैठक



■ पेयजल, बरसात पूर्व नालों की सफाई सहित विकास कार्यों पर को जल्द पूरा करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने स्वास्थ्य, पेयजल एवं विभिन्न विकास कार्यों को लेकर वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत जोन एक नेहरू नगर के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य, पेयजल, बरसात पूर्व नाला सफाई, विभिन्न विकास कार्यों सहित निर्माण कार्य आदि पर चर्चा की गई। पूर्व में लिए बैठक में दिए गए निर्देशों के बारे में समीक्षा करते हुए फीडबैक लिया।

इस दौरान महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार से लेटलतीफी न की जाए। साथ ही जनहित के कार्यों पर प्राथमिकता के अनुसार कार्य किया जाए। इसके लिए अधिकारी कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए। नेहरू नगर जोन में स्वीकृति प्राप्ति के बाद निर्माण हो रहे कार्यों की प्रगति व अबतक शुरू नहीं हुए कामों की स्थिति के बारे में भी महापौर ने विस्तृत जानकारी ली। विकास कार्यों की स्थिति को लेकर बैठक में लक्ष्य लेकर काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी एकांश बंछोर, प्रभारी अधीक्षण अभियंता आरपी जोशी, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, उप अभियंता श्वेता वर्मा, प्रभा टोप्पो एवं विनीता निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

# जनसमस्या समाधान शिविर में राशन कार्ड एवं पेंशन के प्राप्त आवेदनों पर लेपटॉप एवं कम्प्यूटर से कर्मचारी मौके पर ही कर रहे समस्या का समाधान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में व्याप्त समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम के सभी 60 वार्डो के कलस्टर में जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर में पेयजल, स्ट्रीट लाईन, टैक्स, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, नये राशन कार्ड, सफाई कार्य, गुमास्ता लाईसेंस, नामांतरण, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शासन की योजनाओं से संबंधित समस्याओं एवं मांग से संबंधित आवेदन पत्रों को त्वरित निराकरण किया जा रहा है । महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक शाला में वार्ड क्रमांक 30, 31 एवं 32 वार्ड के नागरिको को समस्याओं के समाधान हेतु शिविर लगाया गया उक्त शिविर में आज शहर विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन. वर्मा, एम.आई.सी. सदस्य भोला महोबिया, ऋषभ जैन, मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद मदन जैन, राजकुमार नारायणी, बिजेंद्र भारद्वाज,एल्डरमैन अजय गुप्ता, कार्यपालन अभियंता आर.के.पांडेय, नोडल अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता आर.के.पालिया, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थावनी, स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दिवान, विकास यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियां शिविर में पहुंचकर आवेदनकर्ताओं से बात की उनकी मांग एवं समस्याओं को सुना एवं उपस्थित अधिकारियों को मौके पर ही आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिये । आज शिविर में कुल 63 आवेदन पत्र प्राप्त हुये जिसमें 55 आवेदन मांग से संबंधित एवं 8 आवेदन शिकायतो से संबंधित प्राप्त हुए। सबसे ज्यादा आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुए। जिसे मौके पर ही संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के लिए प्रेषित किया गया एवं 15 आवेदन आबादी पट्टा से संबंधित को सक्षम अधिकारी को भेजा गया। बाकी अन्य विभाग से प्राप्त आवेदनों को पेंशन विभाग, लोककर्म विभाग, साफ-सफाई विभाग, लायसेंस विभाग को त्वरित निराकरण हेतु भेजा गया।

# छत्तीसगढ़ की वादियों ने हालीबुड-छालीबुड फिल्म निर्माताओं का दिल जीता, सूटिंग का दौर शुरु

■ मोर मया ल राखे रहिबे छत्तीसगढ़ी और भोजपुरी में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मनमोहक लोकेशन को फिल्मों में प्रमुखता से प्रस्तुत करने का बीड़ा बॉबी खान ने उठाया है। मुबंई के बड़े निर्माता निर्देशक छत्तीसगढ़ की ओर खींचे चले आ रहे है। कई फिल्मों की शूटिंग कवर्धा भोरमदेव में हो चुकी है। बस्तर, सरगुजा की वादियों ने मुबंई वालों की दिल जीत लिया है। बॉबी की हर फिल्म में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और ग्रामीण परिवेश में खेती-किसानी नवरा,गरवा, घुरवा, बाड़ी को दर्शाया जा रहा है। मोर मया ल राखे रहिबे बहुत जल्द सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। छत्तीसगढ़ी फिल्म सोन चिरैया में धारदार एक्टिंग कर दर्शकों बांधे रखने वाले एक्टर बॉबी खान छत्तीसगढ़ी और भोजपुरी भाषा में तैयार हो गई है। जो अगस्त में रिलीज होगी। जिसके डायरेक्टर राजेश नायक है। मोर मया ल राखे रहिबे त्रिकोणीय फिल्म है जिसमें लव, एक्शन और पारिवारिक परविश का तानाबाना बुना गया है। एक युवा की कहानी है जो हालातों से लड़कर अपने प्यार को बचाए रखने में कामयाब हो जाता है। विशुद्ध पारिवारिक परिवेश वाली फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुरभ्य दृश्यों पर फिल्मांकन किया गया है। बॉबी खान अभी हाल ही में बड़े बैनर की फिल्म हीमोलिम्फ बनाई है जो यू ट्यूब और सोशल मीडिया में धूम मचा रहा है। जिसकी प्रशंसा केंकर बोर्ड के मेंबरों ने भी की है। बॉबी खान बहुप्रतिभा के धनी है, जो हालीबुड और छालीबुड दोनों जगह हस्तक्षेप रखते है। मोरप मया ला राखे रहिबे में भोजपुरी की सुपर स्टार अभिनेत्री तनुश्री नायिका की भूमिका निभा रही है उसके साथ अन्य स्टार है प्रतिभा पांडे, आनंदमोहन, विपिन सिंह के साथ आइटम डांसर के नाम से मशहूर सीमा सिंह को कास्ट किया गया है। बॉबी खान की एक और अपकमिंग फिल्म कोरोना पर आ रही है जिसमें कोरोनाकाल के संक्रमण दौर में मानवीय भावनाओं को लेकर तैयार किया गया। कोरोना बेस्ट अपकमिंग फिल्म के डायरेक्टर सलीम खान है जो कई सुपर-डुपर फिल्मों की निर्देशक कर चुके है। जिसकी पूरी सूटिंग छत्तीसगढ़ के इर्द-गिर्दमनमोहक लोकेशन में हुई है। तरपोंगी की वादियों को कश्मीर की तरह पेश किया गया है।

# नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शपथ ग्रहण व श्रद्धांजलि समारोह का किया गया आयोजन

■ झीरम घाटी नक्सल हिंसा में शहीदों को अधिकारी-कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com






नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में श्रद्धांजलि सभा व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी की मौजूदगी में किया गया। इसमें उपस्थित निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने 25 मई, 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारी, सुरक्षा बलों के जवानों तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए लोगों को दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रातः 10:00 बजे प्रभारी आयुक्त द्विवेदी ने अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि हम छत्तीसगढ़वासी अपने राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक हम सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। प्रभारी आयुक्त ने कहा कि हमारे सुरक्षा बल के जवानों, जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। देश के लिए समर्पित अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों को हम सबका शत-शत नमन् है। शपथ लेने वालों में कार्यपालन अभियंता डी.के. वर्मा, दीप्ती साहू, स्टेनोद्वय पुरूषोत्तम साहू व वामन राव, शरद दुबे, जय जैन, विद्याधर देवांगन, अरूण सिंह, मोहंती, राज सच्चर, तुलसी वृंदा देवांगन, रीता यादव, प्रियंका, के.के. सिंह, फनीन्द्र बोस, उपाध्याय, गैंदलाल सिन्हा व तीरथ यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# झीरमघाटी के शहीदों को निगम में दी गई दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के आदेशनुसार झीरम घाटी के शहीद जवानों जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारी, सुरक्षा बलों के जवान को अधिकारियों, कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि राज्य को फिर शांति का टापू बनाने की शपथ ली। दुर्ग नगर निगम कार्यालय के आयुक्त कक्ष में आज अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा झीरम घाटी में नक्सल हिंसा में शहीद हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों और सुरक्षा बलों के जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पधचात राज्य को फिर शांति का टापू बनाने के लिए संकल्पित रहने अधिकारियों, कर्मचारियों ने शपथ ली। इस अवसर कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय, आर.के. पालिया, दुर्गेश गुप्ता, मोहित मरकाम, मनोहर साहू, शरद रत्नाकर, शुभम गोइर, थानसिंग यादव, हेमलता वर्मा, उषा यादव, विनीत वर्मा, रोशनी आहूजा, तारा पाटिल, सूरज सारथी,प्रिंसी, चित्र रेखा चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# व्यापारियों के साथ हो रहे धोखाधड़ी व अपराधों पर रोक लगाने बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

भिलाई शहर में व्यापारियों के साथ हो रहे धोखाधड़ी सहित अन्य अपराधों पर रोक लगाने संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमण्डल और पुलिस प्रशासन की बैठक आज सेक्टर -6 पुलिस कंट्रोल रूम में सम्पन्न हुई। चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन एवं भिलाई इकाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र के नेतृत्व में चेम्बर के जोन प्रभारी एवं विभिन्न बाजारों के पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए। जिसमें एएसपी संजय ध्रुव के दिशा-निर्देश पर डीएसपी क्राइम नसर सिद्दीकी, सायबर सेल प्रभारी एवं भिलाई थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने व्यापारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

बैठक में डीएसपी नसर सिद्दीकी ने व्यापारियों के साथ लूटपाट, धोखाधडी, साईबर क्राइम, दुकान से घर लौटते वक्त छीनाझपटी, मार्केट में चोरी आदि अपराधिक घटनाओं की रोकथाम अथवा बचाव के टिप्स दिये।

अनुभूति फाउंडेशन ने माहवारी के दौरान सुरक्षित रहने किया जागरूक

# निगम सभागार में हुआ महिला कर्मियों के लिए एक कदम महिला स्वास्थ्य की ओर कार्यक्रम

■ फाउंडेशन महिलाओं व किशोरियों को वितरण कर रहा निःशुल्क सेनेटरी पेड, इको फ्रेंडली सेनेटरी पेड का किया वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com






नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज महिला कर्मचारियों के लिए अनुभूति फाउंडेशन ने एक कदम महिला स्वास्थ्य की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें माहवारी के दौरान स्वच्छता बरतने के प्रति जागरूक किया गया। इसमें फाउंडेशन की अध्यक्ष डिंपल कौर ने महिला कर्मचारियों को स्वच्छता के गुर बताते हुए कहा कि माहवारी नैसर्गिक देन है। यह महिलाओं में होने वाली एक सामान्य प्रक्रिया है। यदि माहवारी के दौरान जरूरत से ज्यादा रक्तस्त्राव हो तो घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसके रोकथाम के लिए तत्काल चिकित्सकों से सलाह लेकर समाधान निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान किशोरियों को अधिक रक्तस्त्राव हो तो उनसे खुलकर बेझिझक बात करें और बताए कि यह महिलाओं में एक उम्र के बाद होने वाली साधारण प्रक्रिया है। साथ ही उन्हें सेनेटरी पेड का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वहीं कपड़े के उपयोग करने से मनाही करनी चाहिए। अधिक रक्त स्त्राव होने पर इसे गंभीरता से लेंवे और महिला विशेषज्ञों से परामर्श लेवें। इससे बचाव की जानकारी के अभाव में संक्रमण व गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसमें प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद की सदस्य नेहा साहू, निगम की महिला अधिकारी/ कर्मचारियों में नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, तुलसी वृंदा देवांगन, रीता चतुर्वेदी, रीता यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महापौर परिषद की सदस्य नेहा साहू एवं महिला अधिकारी रीता चतुर्वेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि माहवारी से होने वाले संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। उपयोग किए गए सेनेटरी पेड को कागज में रैप करके सुरक्षित स्थानों पर इसका डिस्पोजल करें। इसे खुले में कभी न फेंके, इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या को हम सबने झेला है, इसलिए इससे होने वाली समस्याओं को शेयर कर इससे बचाव के सुझाव दिया जाना चाहिए। आज सेनेटरी पेड के उपयोग करने की आदत दिलाना आवश्यक है। इसमें महिला समूह भी मौजूद रही।

अध्यक्ष डिम्पल ने बताया कि फाउंडेशन जरूरतमंदों को निःशुल्क सेनेटरी पेड वितरित कर संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक कर रही है। पड़ोसी प्रदेश झारखंड और मध्यप्रदेश में भी फाउंडेशन इस दिशा में बेहतर काम कर रही है। भिलाई निगम क्षेत्र के सेक्टर 5 स्थित शहीद पार्क में शाम 6.30 बजे वैश्विक माहवारी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा।

# झीरम घाटी में शहीद नेताओं की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाई गई



**किरंदुल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के निर्देशानुसार क्षेत्रीय विधायिका दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी किरंदुल के तत्वावधान में दिनांक 25 मई संध्या 6 बजे, इंटक श्रमिक सदन किरंदुल में झीरम घाटी नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सहित वीर जवान शहीद हो गये थे उनके नौंवी पुण्य स्मृति को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम शहीद महेंद्र कर्मा जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण तिलक व पुष्प अर्पित,कैंडल जलाकर कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा झीरम के सभी शहीदों के नाम पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजली दी गई और झीरम घाटी घटना को शहीद दिवस के रूप मनाया गया।इस अवसर पर किरंदुल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं MMWU इंटक यूनियन के सचिव ए.के.सिंह , MMWU इंटक के अध्यक्ष विनोद कश्यप , ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष ओंम कुमार साहू,दीपक गोस्वामी, जगदेव राम ,कोषाध्यक्ष पी.एल.साहू, महामंत्री राकेश लाल ,अरविंद गुप्ता , त्रिलोक बांधे, ब्लॉक प्रवक्ता दिनेश साहू, देवनारायण ,पदाधिकारी तरूण कुमार साहू, लोहिदास, शेख आजाद एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकीय

# दिल की देखभाल दिल्ली का प्रयास

**दिल्ली** सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में उल्लेखनीय कदम उठाते हुए सार्वजनिक स्थलों पर एईडी लगाने की योजना बनाई है। यह अचानक दिल का दौरा पड़ने पर मरने वालों की संख्या घटाने की दिशा में प्रशंसनीय कदम है। दिल्ली सरकार ने शहर के सार्वजनिक स्थलों पर दिल की देखभाल के उपकरण लगाने का प्रस्ताव किया है। रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों व बाजारों जैसे भीड़ वाले स्थानों पर आटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रीलेटर्स-एईडी लगाए जाएंगे। न्यूनतक प्रशिक्षण से आम जनता भी आसानी से इन पोर्टेबल एईडी का प्रयोग कर सकती है। इसके पीछे विचार एंबुलेंस आने तक दिल के दौरे से पीड़ित व्यक्ति का दिल स्थिर रखना है। अचानक दिल का दौरा पड़ने पर दिल की विद्युतीय व्यवस्था विफल हो जाती है और वह अप्रत्याशित रूप से खून पंप करना बंद कर देता है। इससे हृदय गति असामान्य हो जाती है तथा नाड़ी की गति तेजी से बढ़ती है। यदि एईडी तत्काल उपलब्ध हो तो यह बिजली के झटके देकर दिल की सामान्य धड़कन बहाल कर सकता है। इसे डिफाइब्रीलेशन कहते हैं। लेकिन इसमें समय महत्वपूर्ण है। दिल के दौरे से सात से दस मिनट में मौत हो सकती है। इसलिए एईडी का समय रहते प्रभावी प्रयोग होना चाहिए। भारत में सभी मौतों का 10 प्रतिशत अचानक दिल का दौरा पड़ने से इसलिए होता है कि मरीजों को एंबुलेंस की प्रतीक्षा करनी पड़ती है या वे अस्पताल देर से पहुंचते हैं। इस संदर्भ में दिल्ली सरकार का कदम अत्यधिक उल्लेखनीय है। अमेरिका व यूरोप में सार्वजनिक स्थानों पर एईडी लगाने की नीति इस शताब्दी के प्रारम्भ में ही लागू हुई है। आज इस प्रकार के लाखों उपकरण इन देशों में काम कर रहे हैं। ये सभी एंबुलेंसों में लगे होते हैं। इसी प्रकार अधिकांश सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में ये लगे होते हैं। अब अत्यधिक जोखिम वाले हृदय रोगियों के घर में भी एईडी लगाने पर विचार हो रहा है।

दिल्ली सरकार को गौर करना चाहिए विदेशों में साफ्टवेयर डेवलपरों ने ऐसे एप विकसित किए हैं जो लोगों को ये उपकरण तलाशने में सहायक होते हैं। यदि आपातस्थिति में एईडी की सहायता लेनी हो तो ऐसे डेटाबेस तक पहुंच जरूरी है। इस कार्यक्रम का दिल्ली से बाहर विस्तार होने पर हमें सीपीआर-कार्डियो पल्मोनरी रिसक्सियेशन में प्रशिक्षित लोगों की भी जरूरत पड़ेगी जो चिकित्सा स्वयंसेवकों के रूप में सामने आ सकते हैं और उनको एप पर तलाशा जा सकता है। प्रस्ताव का प्रमुख तत्व लोगों को एईडी के प्रयोग में प्रशिक्षित करना है। उपकरण लगाने से पहले दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग तथा शहर के अस्पतालों को एकसाथ आ कर बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाने तथा आम जनता के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की जरूरत होगी। राष्ट्रीय राजधानी में उपलब्ध एंबुलेंस सेवाओं को एक साझा डेटाबेस से जोड़ना चाहिए। सार्वजनिक स्थलों पर एईडी लगाने के मामले में सरकार को कुछ मुद्दों पर संवेदनशील होना होगा। पहला मुद्दा आसान है। उनको ऐसे भीड़ वाले स्थानों पर लगाना होगा जहां अस्पताल के बाहर दिल का दौरा पड़ने की संभावना अधिक हो। एईडी की आवश्यकता बड़े आवासीय क्षेत्रों, खासकर स्वास्थ्य केन्द्रों से दूर वाले स्थानों में भी है। मलिन बस्तियों व अनाधिकृत कालोनियों में भी इनकी आवश्यकता है जहां गरीब लोग रहते हैं और जहां कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से समय-पूर्व मरने वालों की संख्या अधिकतम होती है। ऐसी मलिन बस्तियों में स्थान तलाशना एक चुनौती होगी, जब तक सरकारी स्कूलों या पुलिस थानों को ऐसे उपकरण लगाने के लिए तैयार न किया जाए। इस प्रस्ताव के समुचित क्रियान्वयन व सफलता के लिए सरकार तथा जनता के बीच काफी समन्वय की आवश्यकता होगी।

# भारत से संबंध मजबूत करेंगे अल्बानीज़

## पिछले वर्षों में आस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री ने लेबर पार्टी के भीतर अपनी स्थिति मजबूत की है और वे भारत की प्रासंगिकता अच्छी तरह समझते हैं।



**आशुतोष मिश्र**
(इंस्टीट्यूट फार आस्ट्रेलिया इंडिया इंगेजमेंट के सीईओ)

आस्ट्रेलिया ने परिवर्तन के लिए मतदान किया तथा एक नए प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ का चयन किया जो 1996 से न्यू साउथ वेल्स के ग्रिंडलर से सदस्य हैं। 'एल्बो' के नाम से लोकप्रिय एंथोनी का पार्टी में उभार केविन रड की केविल07 व्यवस्था में हुआ जिसमें उनको मंत्री पद दिया गया था। 2010 के त्रिशंकु सदन में अल्बानीज़ ने निर्दलीय सदस्यों का समर्थन प्राप्त कर सरकार चलाने में सहायता की क्योंकि वह पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त कर सकी थी। 2013 के चुनाव में पराजय के बाद जब आस्ट्रेलिया लेबर पार्टी ने उनके बजाय बिल शार्टन को नेता चुना तो उनको उप प्रधानमंत्री का पद दिया गया। इसके बाद 2019 में एएलपी की आश्चर्यजनक पराजय हुई और शार्टन के नेता पद से इस्तीफे के बाद अल्बानीज़ इसके नेता बन गए। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अल्बानीज़ ने बहुत चुनौतीपूर्ण समय में पार्टी का नेतृत्व संभाला। उनको विभिन्न गुटों को एकजुट करने, जनता तथा बिजनेस क्षेत्रों में लेबर की नीतियों व मूल्यों के प्रति विश्वास पैदा करने तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से नेता के रूप में अपना अधिकार स्थापित करने की चुनौतियां मिलीं। उन्होंने इन सभी मोर्चों पर अच्छा प्रदर्शन किया। भले ही अनेक लोग उनकी नेतृत्व शैली, स्पष्टता व क्षमताओं को पसंद न करते हों, पर लेबर समूह के भीतर तथा संसद में उनकी शांति व समझौते करने की क्षमता को निश्चित रूप से स्वीकार किया जाता है। सर्वोपरि महत्व की बात है कि उनमें एक सफल राजनेता की तरह धैर्य धारण करने का गुण है।

आखिरकार 2022 आने तक उनका समय आ गया। मीडिया में शुरुआती संदेह के बाद उन्होंने धीरे-धीरे कर जनता में भावी प्रधानमंत्री के रूप में अपनी छवि बनाई। उन्होंने राजनीति के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रखा, निर्णय लेने में समावेशन को महत्व दिया, मूल आस्ट्रेलियावासियों के प्रति सद्भावना प्रकट की तथा बेरोजगारों में उम्मीद जगाई। उन्होंने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार-विरोधी आयोग का वादा कर आस्ट्रेलियाई जनता में विश्वास पैदा किया। उनकी विजय को बलात्कार व यौन दुर्व्यवहार के खिलाफ मजबूत सत्ता-विरोधी लहर के नतीजे के रूप में देखा गया। इसमें बढ़ती महंगाई, ईंधन की बढ़ती कीमतों, जलवायु प्रतिबद्धताओं के कमजोर पड़ने, वेतन वृद्धि ठहर जाने तथा स्काट मोरीसन द्वारा कोविड टीकों व प्राकृतिक विभीषिकाओं से निपटने में अक्षमता का भी प्रमुख योगदान रहा।

हाल में क्वींसलैंड बाढ़ से निपटने में मोरीसन की अनिश्चित प्रतिक्रिया ने एएलपी को उनकी संघीय सरकार पर निशाना लगाने में बहु-प्रतीक्षित हथियार दे दिया। मोरीसन को अपने दो संसदीय साथियों क्रिश्चियन पोर्टर व एलेन टज के खिलाफ ब्रिटनी हिगिन्स के बलात्कार व हमला आरोपों को भी झेलना पड़ा। उन पर इन मामलों में कठोरता न बरतने का आरोप लगा जिससे पार्टी को भारी नुकसान हुआ तथा उनकी सार्वजनिक छवि को भी गहरा धक्का लगा। मैरी पेन को 'महिलाओं की प्रधानमंत्री' कहने से भी उनको महिलाओं का समर्थन नहीं मिला। अल्बानीज़ को 76 सीट का बहुमत मिलने की आशा है और इस प्रकार उनको जलवायु परिवर्तन एक्टिविस्टों-इस्केपटील्स व ग्रीन्स की दया पर नहीं निर्भर रहना पड़ेगा। हालांकि, उनको उद्योगों की उम्मीदें पूरी करने के लिए ज्यादा संसाधन एकत्र करने होंगे तथा जलवायु नीति में कुछ लचीलापन दिखाना होगा। उनको आस्ट्रेलिया को 'नवीकरणीय ऊर्जा सुपरपावर' बनाने की दिशा में भी कदम उठाने होंगे। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी समाप्त होने के बाद महत्वपूर्ण संसाधन क्षेत्र जीडीपी वृद्धि के लिए बहुत जरूरी है। आईएमएफ ने अपने नवीनतम अनुमान में इसके 4.2 प्रतिशत पहुंचने की भविष्यवाणी की है। संसाधन उद्योग मानता है कि आधुनिक समाज बनाने तथा आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए ज्यादा खानों, खनिजों व धातुओं की आवश्यकता होगी। यह अल्बानीज़ सरकार के लिए एक चुनौतीपूर्ण पहेली बनी रहेगी।

नई दिल्ली के लिए, आस्ट्रेलिया की भारत नीति में निष्पक्षता का अर्थ यह होगा कि वह सरकार बदलने के साथ नीतिगत निरंतरता को बाधित न करे। पुलवामा हमले के बाद नए विदेश मंत्री तथा सिनेट में तत्कालीन विरोधी दल नेता पेनलाप वांग ने 'जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों के खिलाफ क्रूर आतंकी हमले की निन्दा' की थी। अप्रैल में नेता विरोधी दल के रूप में एंथोनी अल्बानीज़ ने भी 'गहरे होते संबंधों' तथा आस्ट्रेलिया इंडिया आर्थिक सहयोग व व्यापार समझौते-एलेक्टा का स्वागत किया था।

2017 में एल्बानीज़ ने संसदीय संबंध मजबूत करने, दोनों देशों की जनता के बीच संबंध बढ़ाने तथा सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक व राजनीतिक मुद्दे समझने के लिए एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उन्होंने अपनी यात्रा की समाप्ति पर लिखा था, 'संसदीय अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होगा कि अगली यात्रा के पहले आस्ट्रेलियाई संसदीय प्रतिनिधियों को 17 साल प्रतीक्षा न करनी पड़े।' उनके द्वारा विकसित दृष्टिकोण अब लाभदायक सिद्ध होगा।

अल्बानीज़ अच्छी तरह भारत की प्रासांगिकता समझते हैं जो विश्व बैंक की डूइंग बिजनेस 2020 रिपोर्ट के अनुसार 'बिजनेस सुगमता सूचकांक' में 63वें स्थान तक पहुंच गया है। इस प्रकार वह छठी सबसे तेज विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था है और उसने फ्रांस को पीछे छोड़ दिया है। अब वह व्यापार व विकास पर संयुक्त राष्ट्र, सम्मेलन-अंकटाड की विश्व निवेश रिपोर्ट 2020 के अनुसार, 2019 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा नवां देश था। विश्व बौद्धि संपदा संगठन-वाइपो द्वारा प्रकाशित वैश्विक खोज सूचकांक-जीआईआई के अनुसार भारत खोज में 52वें स्थान पर है, जबकि वह 2018 में 57वें स्थान पर था। वह इस मामले में मध्य व दक्षिण एशियाई देशों में सर्वोच्च स्थान पर है। बाजार संवेदनशीलता के मामले में 'कर्ज सुगमता' व 'बाजार पूंजीकरण' में भारत 20वें स्थान पर, 'घरेलू बाजार बिक्री' में तीसरे स्थान पर तथा 'छोटे निवेशक सुरक्षा सुगमता' में छठे स्थान पर है। बिजनेस संवेदनशीलता के मामले में भारत 2018 में 51वें स्थान से प्रगति कर अब 27वें स्थान पर आ गया है।

इसी प्रकार वह 'विश्वविद्यालय-उद्योग शोध सहयोग' में 23वें स्थान पर है। यह तथ्य आस्ट्रेलिया में अकादमिक पक्ष में दिलचस्पी लेने वालों के लिए महत्वपूर्ण है। भारत ज्ञान व तकनीक में प्रमुख सफलतायें प्राप्त कर चुका है। कुल निर्यातों के प्रतिशत के रूप में उसकी आईसीटी सेवाओं का निर्यात एक प्रतिशत है। इसके साथ ही वह 'सृजनात्मक वस्तु निर्यातक' सूची में भी 22वें स्थान पर है। हाल ही में एंथोनी अल्बानीज़ ने टोकियो में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेता इस बात से संतुष्ट हैं कि उनके देशों के बीच रणनीतिक व द्विपक्षीय संबंधों को अलग-थलग रूप से नहीं देखा जा सकता है। इसका अर्थ है कि उनकी नजरें द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के साथ अपने देशों के चारों ओर घट रही घटनाओं पर भी हैं।




# राज्यसभा में बढ़ेगी भाजपा की गिनती




**कल्याणी शंकर**
(वरिष्ठ पत्रकार)

उच्च सदन के जल्द होने वाले चुनावों में क्षेत्रीय दलों को दो राष्ट्रीय दलों, सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस से अधिक लाभ हो सकता है। राज्यसभा का नया दलीय समीकरण जल्द ही सत्तारूढ़ भाजपा को फायदा देते हुए उसे एक प्रकार से लोकसभा का प्रतिबिंब बनेगा। लेकिन सदस्यों की संख्या बढ़ने के बावजूद भाजपा को अभी बहुमत नहीं मिलेगा। जून-जुलाई में आगामी राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनावों के कारण भाजपा और विपक्षी दलों के लिए दांव ऊंचे हैं। राज्य विधानसभाओं की संरचना में कोई भी बदलाव राज्यसभा को प्रभावित करेगा।

57 राज्यसभा सीटों के लिए आगामी द्विवार्षिक चुनावों और 10 जून को दो उप-चुनावों के बाद सदन में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। कुछ सेवानिवृत्त सदस्य वापस आ सकते हैं, जबकि अन्य के साथ शायद ऐसा नहीं होगा। द्विवार्षिक चुनावों के बाद क्षेत्रीय दलों को दो राष्ट्रीय दलों - सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस से अधिक लाभ हो सकता है।

क्षेत्रीय क्षत्रप पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब और तमिलनाडु जैसे कई राज्यों पर शासन करते हैं। अंतिम तीन राज्य गठबंधन सरकारें हैं। युवा आम आदमी पार्टी (आप) सत्तारूढ़ दिल्ली और पंजाब राज्यसभा द्विवार्षिक चुनावों में सबसे अधिक लाभ में रही है। इसने पांच सीटें जीतीं, जिसके साथ सदन में इसकी संख्या आठ हो गई है। क्षेत्रीय दल 57 में से, 25 सीटों से अपनी संख्या बढ़ाकर 27 कर सकते हैं।

दूसरे, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल (2014-2019) के दौरान, कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष मजबूत था और अधिकांश बिलों के लिए बाधाएं पैदा करता था। भाजपा, जिसके 2012 में सिर्फ 47 सदस्य थे, लेकिन अब उसने तीन अंकों को छू लिया है। मोदी के नेतृत्व में बनी दूसरी सरकार में संख्या बदल गई, जिससे सरकार को कई विवादास्पद विधेयकों को आगे बढ़ाने में मदद मिली, जिसमें अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और जम्मू-कश्मीर का विभाजन शामिल है।



सेवानिवृत्त होने वाले 59 सदस्यों में से 25 भाजपा के हैं, जबकि उसके सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) के दो और अन्नाद्रमुक के तीन हैं। सिकुड़ते राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास 59 में से 31 सीटें हैं। यह एनडीए के लिए चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि यह 7 से 9 सीटें तक हार सकता है। जहां तक अन्य दलों का सवाल है, समाजवादी पार्टी के पास तीन हैं, बीजू जनता दल चार, बहुजन समाज पार्टी दो और तेलंगाना राष्ट्र समिति तीन। इसके विपरीत, वाईएसआर कांग्रेस, अकाली दल और राष्ट्रीय जनता दल के पास एक-एक है।

आंध्र प्रदेश में, भाजपा उन तीन सीटों से हार जाएगी, जिन पर वर्तमान में चार सीटों पर मतदान हो रहा है। 2019 में वाईएसआरसीपी की व्यापक जीत का मतलब है कि उसे सभी चार सीटें मिलेंगी। इसी तरह, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) को चुनाव में दोनों सीटें मिलेंगी। बीजू जनता दल (बीजद) का तीनों सीटों पर कब्जा बना रहेगा। बिहार में, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अपनी एक सीट से दो सीट तक सुधार करेगा, और आप पंजाब में दोनों सीटों पर जीत हासिल करेगी, जो पहले कांग्रेस और अकाली दल के पास थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने कांग्रेस को एक सीट की पेशकश की है, जो पहले भाजपा के पास थी।

तीसरा, 2014 के बाद से मुख्य विपक्षी दल, कांग्रेस पार्टी और सिकुड़ सकती है। चुनावी तौर पर कांग्रेस पार्टी 2014 और 2019 में मिले झटकों से उबर नहीं पाई है और तब से एक के बाद एक राज्य खोती जा रही है. उच्च सदन के आगामी द्विवार्षिक चुनावों के बाद राज्यसभा में इसकी संख्या और कम हो जाएगी। पार्टी को आंध्र प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिलेगी, राजस्थान में 4 से 2 पर आ जाएगी, और झारखंड और छत्तीसगढ़ से एक-एक सीट हार जाएगी। इसके अलावा, अभी और 2024 के बीच, 65 सीटों के लिए चुनाव होंगे, लेकिन कांग्रेस की संभावना कम है तथा उसकी ताकत और भी कम हो जाएगी।

चौथा, सभी पदों पर युवाओं को 50 प्रतिशत हिस्सा देने के लिए हाल ही में उदयपुर के प्रस्ताव के कारण कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं को राज्यसभा की सीट नहीं मिल सकती हैं। पी चिदंबरम, कपिल सिब्बल, जयराम रमेश और अंबिका सोनी जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। देखना होगा कि कांग्रेस यह प्रस्ताव लागू करती है या नहीं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी सहित कुछ केंद्रीय मंत्री भी राज्यसभा से सेवानिवृत्त होंगे। हालांकि, उनके वापस आने की पूरी संभावना है। हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से चार में भारी जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी अपने लगभग सभी बड़े नेताओं को समायोजित करने में सक्षम होगी।

इसके विपरीत, कांग्रेस देश में भौगोलिक रूप से सिकुड़ रही है। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी केवल चार राज्यों-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपने दम पर तथा महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन में जूनियर पार्टनर के रूप में शासन कर रही है। इन परिस्थितियों में 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कांग्रेस पार्टी का राज्यसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्यसभा में एक नया सभापति बनने की संभावना है। यदि वर्तमान उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू को राष्ट्रपति के रूप में पदोन्नत किया जाता है अथवा उनको राज्यसभा में उप-सभापति के रूप में दूसरा कार्यकाल नहीं मिलता है तो इसकी संभावना है।

## फरमाया



**मुझे** मक्खन पर लकीर खींचने में मजा नहीं आता। मैं पत्थर पर लकीर खींचता हूं।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**यदि** चीन ताइवान पर हमला करता है तो अमेरिका सैनिक रूप से हस्तक्षेप करेगा। यह बोझ यूक्रेन हमले से भारी होगा।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**यह** सरकार हिटलर, मुसोलिनी व स्टालिन से भी खराब है। वे देश का संघीय ढांचा तोड़ रहे हैं।

**- ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## मंदिर-मस्जिद पर बहस

**अयोध्या** में राम मंदिर बनाए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन साल बाद भारत में वापस एक बार फिर मस्जिद-मंदिर पर बहस बड़े जोर-शोर से प्रारम्भ हो रही है। अचानक अदालतों में याचिकाओं की बाढ़.सी आ गई। ऐसे समय जब यूक्रेन-रूस युद्ध से समूचे विश्व में सामरिक बदलाव हो रहे हैं, कोविड़ 19 महामारी से 62 लाख लोगों की मौत के बाद भी वायरस का ख़तरा बना हुआ है एवं साल 2019 में भारत में वायु प्रदूषण से दुनिया भर में सबसे अधिक लगभग 17 लाख लोगों की मृत्यु हो गई तब इस बहस का क्या औचित्य है। जब देश इन गंभीर आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा हैं तब भारत में 400,500, 600 या हज़ार साल पहले किसने कितने मंदिर तोड़े या बनाए और वर्तमान में इनका क्या हो इस पर बहस ज़ोर पकड़ रही है। उम्मीद है कि अदालत मामले सुनते समय 1991 के उपासना स्थल क़ानून पर भी गौर करेगी जिसके अनुसार, 1947 में जो धार्मिक उपासना स्थल जिस स्थिति में थे, आज भी वे वैसे ही बनें रहेगें और इसमें किसी भी न्यायिक उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**- निधि जैन**, गाजियाबाद

## भारत की प्रशंसा

**पीड़ितों** की सेवा और वसुदेव कुटुंबकम की नीति से ही भारत के कदम फिर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कोरोना काल में जिस मुस्तैदी से देश की सरकार ने जरूरतमंद देशों को दवा और टीके भेजे हैं उसी का नतीजा है कि जापान में क्वाड समिट में दुनिया के दिग्गज देश भारत की सेवा की सराहना करते नहीं थक रहे हैं। अपने कर्मों के कारण चीन को जो लताड़ मिली है उसे ड्रैगन को सबक के रूप में लेना चाहिए।

क्वाड समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन, जापानी प्रधानमंत्री फुमियों किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की भारतीय नीतियों की सराहना और चीन जैसे दुनिया के दुश्मन देश को लताड़ना इस बात का संकेत है कि भारतीय प्रधानमंत्री सेवा की हमारी सनातनी परंपरा को आगे बढ़ाने में कितने सफल साबित हुए हैं। भारत महामारी के संकट में जिस तरह वसुधैव कुटुंबकम के नाते जरूरतमंद देशों के लोगों के लिए दवा और टीके लेकर मुस्तैद खड़ा रहा उसने आपदा में अवसर देखने वाले देशों के मुंह पर करारा तमाचा भी लगाया है। विश्व नेताओं द्वारा भारत की प्रशंसा से देश की जनता भी बहुत प्रसन्न है।

**- अमृतलाल मारू,** धार मप्र

## भगवान बुद्ध का संदेश

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दुनिया को हिंसा, अराजकता, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से मानवता को बचाने के लिए बुद्ध के बताए रास्तों पर चलने की सलाह दी है। आज यह मार्ग दुनिया की हर चुनौतियों का सामना कर सकता है। आज विश्व में लगातार बढ़ते जा रहे हैं आतंकवाद के खात्मे के लिए यही मार्ग सर्वोपरि है । गौतम बुद्ध ने विश्व को मानवता, प्रेम, सहिष्णुता व एक दूसरे की भलाई का जो संदेश दिया था आज उनके इस संदेश को सभी ने भुला दिया है इसी कारण आज आपसी भाईचारा एक तरह से खत्म हो गया है एवं मारकाट लड़ाई झगडे का वातावरण अधिक बढ़ता जा रहा है। हर देश एक दूसरे की काट करने में लगा हुआ है, युद्ध का वातावरण बनता जा रहा है अतः ऐसे समय में गौतम बुद्ध के भाईचारे, प्रेम, आपसी विश्वास, सहिष्णुता के संदेश ही कारगर हो सकते हैं। हमारे देश भारत ने इन्हीं मार्गों पर चलकर सभी को मानवता का संदेश देने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस उचित सलाह पर भारत समेत सारी दुनिया को अमल करने की जरूरत है।

**- राज,** शाजापुर

# बंद के दौरान व्यापारियों से मारपीट करने वाले छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के 9 आरोपी गिरफ्तार

- घटना में इस्तेमाल की गई वाहन भी जब्त, बलवा, हत्या का प्रयास सहित लगी कई धाराएं

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



गुंडरदेही नगर में बंद के दौरान व्यापारियों के साथ डंडे व लाठी से मारपीट करने वाले छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के 12 लोगों के खिलाफ पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया हैं। जिसमें पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 9 लोगो की गिरफ्तारी कर जेल भेजा हैं। बलवा, हत्या का प्रयास जैसे गंभीर धाराओं के तहत पुलिस ने कार्यवाही की हैं। आपको बता दे कि बुधवार को सर्व आदिवासी समाज द्वारा जामड़ी पाटेश्वर धाम के प्रमुख संत बाबा बालक नाथ के विरोध में और गिरफ्तारी की मांग पर जिले में बंद करवाया गया था। दुकानों को बंद करवाने के दौरान गुंडरदेही नगर में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के व्यापारियों पर जमकर लाठी व डंडे चलाये थे। जिससे कुछ व्यापारी घायल हुए हैं। मामले को लेकर व्यापारियों में जमकर आक्रोश हैं। दरअसल कुछ दिनों पहले जिले के पाटेश्वर धाम विवाद एवं तुएगोंदी में दो गुट के बीच हुए वाद विवाद मामले में 25 मई बुधवार को सर्व आदिवासी समाज, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, जनमुक्ति मोर्चा एवं छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना की ओर से जिला बंद का आव्हान कर और व्यापारियों से बंद के लिए समर्थन मांगा गया था। जहां गुंडरदेही मुख्यालय में बंद के दौरान छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के लोगों ने व्यापारियों से मारपीट की थी। जिसमे कुछ व्यापारियों को काफी चोट भी आई है। बताया गया है कि बंद के दौरान छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के द्वारा जबरदस्ती दुकानों को बंद कराया जा रहा था। हाथों में डंडा लेकर जबरदस्ती दुकानों को बंद कराया जा रहा था। तब यह स्तिथि निर्मित हुई। गुंडरदेही के व्यापारियों ने घटना में लिप्त सभी आरोपियों को 48घँटे के भीतर गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम पुलिस प्रशासन को दिया था। जिसके बाद पुलिस ने 12 लोगों को चिन्हांकित कर सभी 12 आरोपियों को गिरफ्तार करने पुलिस की अलग-अलग टीम भेजी। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर ही 9 लोगो को धारा 147, 148, 294, 506, 323, 427, 452 आईपीसी के तहत गिरफ्तार किया हैं। सभी आरोपी दुर्ग, भिलाई, रायपुर के बताए जा रहे है।

### पुलिस ने 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

गुंडरदेही पुलिस ने छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के दुष्यंत साहू पिता शत्रुहन लाल साहू (32वर्ष), कोमलचंद साहू पिता रेवाराम साहू (24वर्ष), उमेश यादव पिता स्व0 केशव यादव (24वर्ष), लोकेश कुमार वर्मा पिता सनत वर्मा (31वर्ष), अमन साहू पिता मनोज साहू (19वर्ष), अप्पू मेश्राम पिता दुखीतराम मेश्राम (31वर्ष), भुपेश वर्मा पिता महेश वर्मा (20वर्ष), नेमसिंग ठाकुर पिता स्व0 झाडुराम (45वर्ष) और जागेश्वर वर्मा पिता शिव कुमार वर्मा (28वर्ष) को गिरफ्तार किया हैं।

# समस्या निवारण शिविर में 501 शिक्षकों ने सेवा पुस्तिका संधारण कराया



पायनियर संवाददाता ◀ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

सहसपुर लोहारा विकासखंड के स्कूल शिक्षा विभाग में कुल पदस्थ 848 सहायक शिक्षक शिक्षक एवं प्रधान पाठकों में से 501 सहायक शिक्षक शिक्षक एवं प्रधान पाठकों ने विकासखंड सहसपुर लोहारा में आयोजित सात दिवसीय समस्या निवारण शिविर में शामिल होकर सेवा पुस्तिका संधारण कार्य शिविर में भाग लिया बी ई ओ सहसपुर लोहारा संतोष कुमार भास्कर ने बताया कि एक शासकीय कर्मचारी का संपूर्ण लेखा-जोखा उसकी सेवा पुस्तिका में निहित होता है नियुक्ति तिथि से लेकर संपूर्ण सेवाकॉल कार्य से सेवानिवृत्ति तक कर्मचारियों की नॉमिनी उच्च योग्यता का इंद्राज क्रमोन्नति इंक्रीमेंट एवं पदोन्नति इत्यादि जानकारियां समय समय में सेवा पुस्तिका पर दुरुस्त की जाती है विकास खंड शिक्षा अधिकारी भास्कर ने बताया कि 17 मई से प्रारंभ हुए शिविर में लगातार एबीइओ प्रार्थना शर्मा, नीलेश चंद्रवंशी, वरिष्ठ लिपिक गेंद सिंह ठाकुर एवं सीनियर क्लर्क झूलेंद्र ठाकुर के दिशा निर्देश में 26 मई तक सर्विस बुक को अपडेट किया गया शालेय शिक्षक संघ के स./लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश जोशी ने बताया कि इस प्रकार के शिविर लगाने से शिक्षक साथियों के आवश्यक लंबित कार्य जैसे उच्च डिग्री एवं योग्यता का इंट्री करवाने एवं अर्जित अवकाश समायोजन आदि आवश्यक कार्य के लिए ज्यादा मशक्कत की आवश्यकता नहीं पड़ती है ब्लॉक अध्यक्ष जोशी ने मांग की है कि समय-समय पर का इस प्रकार के शिविर का आयोजन होते रहने चाहिए ताकि अध्यापक साथियों को लालफीताशाही एवं ब्लॉक ऑफिस का अनावश्यक चक्कर काटना ना पड़े जिससे शिक्षक अपना पूरी ऊर्जा से स्कूली अध्यापन कार्य में फोकस कर पाए, समस्या निवारण शिविर संपन्न करवाने में ढालसिंह साहू,रूपसिंग ठाकुर, सँजीत सिंह राज,विनोद बांधव,बुधारी राम निर्मलकर एवं कार्यालयीन स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सूर्या चंद्रवंशी को किया सम्मानित



**कवर्धा।** चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा बिरकोना उपक्षेत्र द्वारा शपथ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक लोगों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उन सभी प्रतिभावों का सम्मान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ममता चंद्रकार,अध्यक्षता समाज के सरंक्षक लालजी चन्द्रवंशी, राज अध्यक्ष लालबहादुर चन्द्रवंशी,पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चन्द्रवंशी, सर्व कुर्मी समाज के अध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सतीश चन्द्रवंशी,जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य मीना नीलू चन्द्रवंशी,जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष तुलश कश्यप,शिव वर्मा,नरेशु चंद्राकर,अयोध्या चंद्राकर सभी उपक्षेत्र के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस दौरान समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित भी किया।

# सर्व समाज ने की लौह नगरी में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग

पायनियर संवाददाता ◀ दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com



ग्राम घोटिया में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत करते हुए सर्व समाज के प्रतिनिधि मंडल ने श्रमिक एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग की है।वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शिरोमणि माथुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंट कर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर पालिका दल्लीराजहरा या नगर पंचायत चिखलाकसा में मेडिकल कॉलेज खोलने की अपनी मांग से अवगत कराया। उक्त मांग के समर्थन में दल्ली राजहरा क्षेत्र के विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने अपनी सहमति दी । ज्ञात रहे कि दल्ली राजहरा क्षेत्र उच्च शिक्षा संस्थान के मामले में काफी पीछे जबकि इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के महाविद्यालयों की स्थापना होनी चाहिए इसलिए शुरुआती तौर पर इस क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की मांग उठाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल को ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से श्याम लाल साहू,घनश्याम पारकर, ईश्वर पटेल ,अनिल खोबरागड़े, राम दास मानिकपुरी,अंकालूराम देवांगन ,रमेश कुमार सिन्हा, उत्तरा विश्वकर्मा,योगेश यादव, दान सिंह चंद्राकर, तोरण साहू, दिलीप कुमार सोरी ,संतराम सेन, हीरालाल ठाकुर,अनूप सोरी,एल.के. क्रांति,विपिन चंद्र लखानी ,गुलाबचंद कुकरेजा, बचित्तर सिंह,संजय कुमार जैन, गौतम बेरा, राजेंद्र बेहरा ,अशोक बाम्बेस्वर,एमएस श्रीजीत, अशोक लोहिया,राजेंद्र तिवारी, हीरालाल पवार,के. ईश्वर राव, शमीम सिद्दीकी आदि समाज प्रमुख शामिल हैं।

# कलेक्टर ने लोगों को ऋण पुस्तिका का किया वितरण

**बेमेतरा।** आम लोगों की छोटी-मोटी राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जिले में राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने बेरला विकासखण्ड के ग्राम कुसमी में आयोजित राजस्व शिविर में शामिल हुए। कलेक्टर ने किसानों को किसान किताब ऋण पुस्तिका का वितरण किया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राजस्व विभाग द्वारा अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें तत्पश्चात कलेक्टर ने बेरला के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पहुंचकर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के निर्माणाधीन कार्यों का मुआयना किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 जून 2022 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लेवें, ताकि नया शिक्षा सत्र से विधिवत कक्षा प्रारंभ की जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संदीप ठाकुर, बीईओ बेरला भी उपस्थित थे।



# झीरम घाटी में शहीद नेताओं को दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◀ देवकर
www.dailypioneer.com



झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सली घटना में प्रदेश कांग्रेस के दिवंगत शीर्ष नेताओं को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहीद स्मारक परिसर में श्रद्धांजलि दिवस का आयोजन किया गया। दिवंगत हुए नेताओं और शहीद पुलिस कर्मियों के प्रति कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। 25 मई 2013 को कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा के दौरान पूरे प्रदेश का भ्रमण करने के बाद उक्त यात्रा बस्तर पहुंची थी और सुकमा कार्यक्रम के पश्चात वापसी के दौरान झीरम घाट में नक्सली हमला से तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर महेन्द्र कर्मा, उदय मुदलियार, दिनेश पटेल सहित प्रदेश के कांग्रेस नेता और पुलिस कर्मियों सहित 29 लोगों की मौत हो गई थी उन्हें याद करते हुए बुधवार को उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र के एकता व अमिता को अक्षुण्य बनाये रखने शपथ दिलाई गई। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठजनों ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा कांग्रेस ने देश के लिए हमेशा बलिदान दिया है। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से बिहारी साहू अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत देवकर, विनोद कुंजाम विधायक प्रतिनिधि रामसिंग यादव वरिष्ट कांग्रेस, रोशन अग्रवाल एल्डरमैन, राजू कुंजाम पार्षद, विनय देवांगन, विकास राजपूत, संजू वर्मा, दुर्गा साहू, हरीश मनहरे, राहुल कुंजाम, डोकेश साहू ,रौनक पाण्डेय समस्त कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# पशु तस्करी एवं अवैध शराब परिवहन में लिप्त ट्रक, पिकअप एवं मोटर साइकिल राजसात

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस ने अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाकर संलिप्त वाहनों को राजसात कर हड़कंप मचा दिया है। 24 मई को जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान ने थाना बेमेतरा में कृषक पशु परिचालन अधिनियम के तहत 32 नग मवेशी (बैल) का अवैध परिवहन करते जब्तशुदा 12 चक्का ट्रक राजसात किया। आबकारी एक्ट के तहत 49 पेटी गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल 2352 पौवा शराब अवैध परिवहन करते पिकअप को जब्त कर कार्रवाई की। एक अन्य मामले में आबकारी एक्ट के तहत 07 बोतल देशी प्लेन शराब अवैध परिवहन करने पर मोटर सायकल को पकड़ा। थाना दाढी में आबकारी एक्ट के तहत एक प्लास्टिक के बोरी में 96 नग देशी प्लेन शराब कीमत 7680/- रूपये का अवैध शराब अवैध परिवहन करते पकड़े जाने पर जब्तशुदा मोटर साइकिल को पकड़ा। थाना बेमेतरा के अपराध आबकारी एक्ट के तहत 02 बोतल देशी प्लेन शराब, 01 अध्धी देशी प्लेन शराब, 30 पौवा देशी प्लेन शराब एंव 03 पौवा आईकान क्लासिक व्हीस्की अंगेजी शराब का अवैध परिवहन करते मोटर साइकिल को राजसात (अधिहरण) किया गया है। उपरोक्त वाहनों की शीघ्र ही नीलामी कर राशि शासन के कोष में जमा किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि बेमेतरा पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन को अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा राजीव शर्मा द्वारा प्रस्तुत आरोपों के संबंध में सम्यक जानकारी न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला बेमेतरा में प्रस्तुत की गई थी। परिणाम स्वरूप जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विलास भोसकर संदीपान के द्वारा उपरोक्त 05 वाहनों को राजसात (अधिहरण) करने का आदेश 24 मई को किया गया है।

# झीरम घाटी के शहीदों की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार केबिनेट मंत्री अनिता भेंडिया के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा कांग्रेस कार्यालय में 25 मई 2013 झीरम घाटी नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सहित वीर जवान शहीद हो गये थे उनकी नौंवी पुण्य स्मृति को शहीद दिवस के रूप में 25 मई को मनाया गया। सर्वप्रथम शहीद विद्याचरण शुक्ल, नन्दकुमार पटेल,महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा, दिनेश पटेल,कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित वीर जवानों के तैल चित्र पर माल्यार्पण तिलक व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और झीरम घाटी घटना को शहीद दिवस के रूप मनाया गया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर,नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर,जिला सचिव रवि जायसवाल, जिला संयुक्त महामंत्री रामजतन भारद्वाज,प्रमोद तिवारी, प्रशांत बोकड़े,पारसमल जैन ने शहादत दिवस पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन विवेक मसीह अध्यक्ष मंडल कांग्रेस कमेटी उत्तर क्षेत्र ने किया व आभार प्रदर्शन दक्षिण मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पांडेय ने किया। इस अवसर पर जिला संयुक्त महामंत्री विजय जोगदण्ड, जिला अल्पसंख्यक महामंत्री रूबी एंथोनी, एल्डरमैन महेन्द्रन अप्पू, जगदीश श्रीवास, कोषाध्यक्ष नवीन कथूरिया,महामंत्री श्रीनिवास राव,प्रवीण शर्मा, प्रदीप बाघ,जितेन्द्र मेश्राम,रामू शर्मा, पप्पू पंजवानी,पी एम सोहेल,विलियम भौरा, प्रदीप बबलू,प्रमोद चौधरी,काकू रंधावा, अनिल कोम्बे,अजय बघेल सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बंगाली समाज ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सौपा विकास के लिए मांग पत्र



पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ग्राम घोटिया आगमन हुआ था। इस अवसर पर दल्ली राजहरा बंगाली समाज का प्रतिनिधि मंडल समाज के उपाध्यक्ष डॉ.शैबाल जाना व सचिव गौतम बेरा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर राजहरा नगर के विकास के लिए 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा । सात सूत्रीय मांगों मेंकेन्द्रीय विद्यालय या जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाये, पॉलिटेक्नीक कॉलेज आरम्भ किया जाये ,खेल एकाडमी स्थापित किया जाये, माइनिंग कार्यालय की स्थापना की जाये।

वन विभाग का कार्यालय स्थापित की जाये, वनोपज से संबंधित लघु उद्योग स्थापित की जाये तथा स्पन्ज आयरन व पैलेट प्लांट स्थापित करने की मांगे शामिल है।

# विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस पर मितानिन ट्रेनर्स को सिजोफ्रेनिया के बारे में जानकारी दी गई

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नोडल अधिकारी जिला मानसिक स्वास्थ्य बेमेतरा डॉ के के मेश्राम के मार्गदर्शन पर विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस पर जिला चिकित्सालय की मानसिक स्वास्थ्य की टीम द्वारा बेरला में मितानिन ट्रेनर्स द्वितीय बेच को सिजोफ्रेनिया के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया के यह एक प्रकार से मानसिक रोग का प्रकार है जिसे उचित परामर्श व इलाज से ठीक किया जा सकता है, डॉ शुचिता गोयल द्वारा बताया गया कि यह एक प्रकार मानसिक रोग ही है जिसमें व्यक्ती का व्यवहार परिवर्तन हो जाता,जिसमें वह खुद को सबसे अलग समझने लगता है, एवं इसको चेहरे से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है ,साथ ही रोगी व्यक्ती समझता है की उसे कोई अपनों से ही खतरा है और व्यावहार में परिवर्तन हो जाता है ,लोगों में अनेक प्रकार की भ्रांतियां भी है जैसे कि ये पूर्व जन्म के पाप है ,जो सरासर गलत है ,यह सिर्फ मानसिक रोग का एक रूप है ,सिविल सर्जन डॉ वंदना भैले द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय में सिजोफ्रेनिया के मरीजों की संख्या 50 लगभग है जो कई ठीक हो चुके है और कई लोगों का इलाज चल रहा है । सिजोफ्रेनिया ऐसी मानसिक बीमारी है, जिसमें वास्तविकता से अलग काल्पनिक दुनिया में मरीज जीने लगते हैं। मानसिक रोगों में सात फीसदी मरीजों को ये बीमारी होता है । मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल डॉ. के के मेश्राम ने बताया कि हर साल मई को विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस मनाया जाता है। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओपीडी में मरीज आ रहे हैं। इसमें सिजोफ्रेनिया के करीब सात फीसदी मरीज हैं। इनकी उम्र 20 साल से अधिक की है। इस बीमारी में मरीज वास्तविक दुनिया से अलग काल्पनिक जीवन जीने लगता है।

### क्या है सिजोफ्रेनिया

सिजोफ्रेनिया मेंटल हेल्थ से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जिसका असर व्यक्ति के व्यवहार और भावनाओं पर पड़ता है। इस बीमारी में मरीज अपने मन के भाव चेहरे पर प्रकट नहीं कर पाता है। आंकड़ों के मुताबिक, प्रति एक हजार लोगों में से तीन लोग इस बीमारी के शिकार होते हैं। इसमें व्यक्ति को लगता है कि कोई उसे मारना चाहता है। उसके खिलाफ कोई साजिश चल रही है और सभी लोग मिले हुए हैं। ऐसी ही कई अन्य लक्षण इन मरीजों में मिलते हैं। उक्त कार्यशाला का संचालन मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के गोपिका जायसवाल नर्सिंग ऑफिसर,प्रीति जांघेल सोशल वर्कर द्वारा मितानिनों को ट्रेनिंग दी गई ।

# कलेक्टर ने धान को शीघ्र उठाव करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने जिले के बेरला विकासखण्ड के लेंजवारा स्थित धान संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होने जिला विपणन अधिकारी को धान का शीघ्र उठाव करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि 25 मई तक 14177 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है एवं 88 हजार क्विंटल धान शेष है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डी.ओ. कटने के बाद जो मिलर्स 31 मई तक धान का उठाव नहीं करते हैं उनका डी.ओ. निरस्त कर दूसरे मिलर्स को जारी करें। आज भी धान का उठाव हो रहा है। 34 ट्रक धान का उठाव करने संग्रहण केन्द्र आ चुके थे। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला संदीप ठाकुर, उप संचालक कृषि एम डी मानकर, सीसीबी के नोडल अधिकारी आर के वारे, बीज गोदाम पथर्रा के सोनकर, डीएमओ कोसरिया उपस्थित थे।

### सीटू के आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर कर्मियों ने धरनाी प्रदर्शन किया

**दल्लीराजहरा।** स्टील वर्कर्स फेडरेशन आफ इंडिया (सीटू) के आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर कर्मियों ने धरनाी प्रदर्शन किया। नियमित कर्मचारियों को 39 माह का एरियर्स, पर्क का एरियर्स, नया पे-स्केल लागू करने, ग्रेच्युटी सीलिंग का एक तरफा आदेश वापस लेने, माईन्स कर्मियों को डासा 10 प्रतिशत देने, ठेका श्रमिकों को एस 1 ग्रेड का वेतन एवं अन्य सुविधा लागू करने तथा ठेका श्रमिकों के लिये सुाहिक बीमा योजना लागू करने एवं समझौता के अनुरूप जल्द ठेका श्रमिकों को परिवार सहित चिकित्सा सुविधा चालू करने एवं प्रतिशत आधार पर खदान भत्ता लागू करने हेतु माईन्स आफिस कार्यालय राजहरा के सामने हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाईज यूनियन (सीटू) एवं छत्तीसगढ़ माईन्स श्रमिक संघ ने संयुक्त धरना प्रदर्शन किया।

### 8 लाख रू. की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बेमेतरा।** राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) 6-4 परिशिष्ट-1 (पांच) के तहत कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान द्वारा 02 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील नवागढ़ के ग्राम मुड़पार निवासी धनत कुमार कुर्रे का पानी में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन सुशीला कुर्रे को 4 लाख रुपये एवं ग्राम करमसेन निवासी तुलेश्वर निषाद की बिच्छु के काटने से मृत्यु होने पर परिजन नोहर निषाद को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

# राज्य सरकार की महती योजना बन गया अधिकारियों के लिए मजाक

■ कुकुरदा का आवर्ती केंद्र चढ़ गया भ्रष्टाचार की भेंट

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ वन मंडल के तहत भी राज्य सरकार की महती योजना गोठान जिसे चकरी चराई आवर्ती केंद्र के रूप में जाना जाता है। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिये जिम्मेदारी दी गयी हैं। जिन गांवों में राजस्व भूमि उपलब्ध नही है और वन भूमि उपलब्ध है तो उन गांवों के लिये वन विभाग द्वारा चकरी चराई योजना के तहत गौठान निर्माण कर वे सभी कार्य सम्पादित कराने होते हैं जो गौठान के तहत हो रही है। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से गोबर खरीदी ,वर्मी कंपोस्ट खाद का निर्माण कर विक्रय करने ,चारागाह निर्माण व गौ देखभाल जैसे महती कार्य करने होते हैं। वन मंडल द्वारा 20 हेक्टेयर के तहत 18, 40, 900 रुपये की स्वीकृति दी जाती है वही 7 हेक्टेयर के आवर्ती केंद्र के लिए लगभग 12 लाख रूपये स्वीकृति के प्रावधान है। वन मंडल रायगढ़ से मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ अनुभाग में 33 आवर्ती केंद्र है जिनमे 8 सारंगढ़ रेंज में व 27 रायगढ़ रेंज में हैं। 12 आवर्ती केंद्रों में गोबर खरीदी करने के लिये मुनादी करा दी गयी है वही जिनमे 5 में खरीदी चालू है। इनमें बाकी 7 से ज्यादा को आवर्ती केंद्र के रूप में विकसित करना अपव्यय होगी इसलिए इन्हें चारागाह के रूप में विकसित किया जावेगा।

हमारे संवाददाता ने कुकुरदा आवर्ती केंद्र का मुआयना किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर इस गौठान के बारे में जानकारी ली । कुकुरदा आवर्ती केंद्र के लिये वन विभाग में पता चला कि यहाँ18,40 ,900 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति 30 मार्च 2020 को दी गयी है ।यह 20 हेक्टेयर में विकसित किये जाने हैं।

रायगढ़ पूर्वांचल क्षेत्र के जामगांव वन परिक्षेत्र के तहत आने वाले कुकुरदा बिट में वन विभाग द्वारा आवर्ती केंद्र गौठान का निर्माण पिछले2 साल से लंबित पड़ा हुआ है। वन रक्षक नरेश सतपथी इस आवर्ती केंद्र के निर्माण कर्ता है। ग्राम कुकुरदा के निर्मल पुजारी ने बताया कि लगभग एक वर्ष से ज्यादा हो गया जंगल की ही लकड़ी काट कर झोपड़ी बनाया गया है और पैरा व पॉलीथिन ढांक दी गयी जो हवा पानी मे उड़ गया है। कोटना निर्माण भी नही की गई । 3 नग नाडेप टांका बनाया गया है जो गुणवत्ताविहीन है। न तो बोर खोदी गयी है और न ही घेराव की गई । सी पी टी गड्ढा भी नही खोदी गयी है। कार्य मे लीपापोती की जा रही है ।कितने लागत से बन रही है इसकी जानकारी भी ग्रामीणों को नही है। हम इसके जांच की मांग करते हैं और अन्य जगह पर जिस तरह से गुणवत्तापूर्ण कार्य हो रहे हैं वैसे ही इस गौठान का निर्माण होनी चाहिए।

## शांतिपूर्ण उपचुनाव कराने व अवैध मादक पदार्थों पर नकेल कसने पर चर्चा

**रायगढ़.** पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायगढ़ में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीना एवं पुलिस अधीक्षक झारसुगुड़ा राहुल जैन के मध्य इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन मीटिंग पर अगामी बृजराज नगर उपचुनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया । छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य के पुलिस अधिकारियों के मध्य नक्सली समस्या, मादक पदार्थों की तस्करी एवं कई गंभीर मुद्दों पर आपसी समन्वय के लिये समय-समय पर इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन मीटिंग आयोजित किये जाते रहे हैं। इसी क्रम में आज एसपी आफिस में दोनों जिलों के पुलिस अधिकारियों के बीच मीटिंग आयोजित किया गया था। मीटिंग में एसपी राहुल जैन झारसुगुड़ा द्वारा अगामी बृजराज नगर उपचुनाव को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने दोनों जिलों की समीमाओं पर अवैध शराब एवं हथियारों की विशेष निगरानी आदि मुद्दे रखा गया। इस संबंध में एसपी रायगढ़ अभिषेक मीना द्वारा उड़ीसा से लगे सीमावर्ती क्षेत्र मे सीसीटीवी युक्त चेक पोस्ट पर निगरानी के साथ क्षेत्र में पुलिस की पेट्रोलिंग तथा आसूचना संकलन के जरिये सभी गतिविधियों पर निगाह रखे होने की जानकारी दिए गए।

# पिता के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर बेटा ने कराया जमीन की रजिस्ट्री, मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

■ चक्रधरनगर थाने में तीन आरोपियों पर दर्ज है धोखाधड़ी का अपराध

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



05 अगस्त को थाना चक्रधरनगर में गांधी गंज रायगढ़ में रहने वाले अनिल कुमार (उम्र 32 वर्ष) द्वारा ग्राम चंघोरी थाना पुसौर निवासी सुखीचरण चैहान तथा सुशील गुप्ता निवासी पुसौर व उनके एक साथी द्वारा साथ मिलकर धोखाधड़ी कर जमीन कर जमीन की रजिस्ट्री करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि इसकी छातामुड़ा रोड किनारे किराना दुकान हैं। दुकान में ग्राम चंघोरी का सुखीचरण चैहान का आता जाता था जिससे जान पहचान हो गया था जो कई बार पुसौर क्षेत्र में जमीन खरीद लो कहता था। अप्रैल 2021 में सुखीचरण अपने साथ एक आदमी को लेकर आया, वह व्यक्ति अपना नाम वेदव्यास गुप्ता पिता मोहनलाल गुप्ता निवासी पुसौर का रहने वाला बताया और उसकी पुसौर में बाजार चैक के पास 10 डिसमिल जमीन को बेचना बताया। तब अनिल कुमार अपनी पत्नी को जमीन देखने पुसौर भेजा। जमीन दिखाते समय सुखीचरण चैहान, वेदव्यास नाम का व्यक्ति तथा सुशील गुप्ता तीनों साथ थे। सुशील गुप्ता एवं सुखीचरण चैहान जमीन को वेदव्यास का होना बताये, जमीन पसंद आने पर उनसे जमीन खरीदने का सौदा हुआ। 14 जुलाई 2021 को स्टाम्प पेपर लेकर उप पंजीयक कार्यालय रायगढ़ में ग्राम पुसौर पटवारी हल्का नंबर 43 में स्थित भूमि खसरा नंबर 1067.2 शामिल खसरा नंबर 1091‌‌३ से 4360 वर्ग फीट की रजिस्ट्री हुई। वेदव्यास नाम के व्यक्ति को जमीन सौदा की रकम 4,95,000 रू. नगद दिये। रजिस्ट्री के बाद पता चला कि सुखीचरण चैहान के साथ आया व्यक्ति जो अपने आप को वेदव्यास तथा जमीन का स्वामी बताया था वह फर्जी व्यक्ति है। जमीन का सही मालिक दूसरा वेदव्यास है जो सुशील गुप्ता का पिता है। इस प्रकार सुखीचरण चैहान, सुशील गुप्ता और वेदव्यास नाम का फर्जी व्यक्ति मिलकर धोखाधड़ी कर उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री कराना पाये जाने पर आरोपीगण के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 420 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अपराध विवेचना, आरोपियों की पतासाजी के दरमियान पाया गया कि ग्राम भैनापारा पुसौर का अशोक कुमार ?सिदार, आरोपी सुशील कुमार गुप्ता का पिता वेदव्यास गुप्ता बनकर रजिस्ट्री के लिये उप पंजीयक कार्यालय में खड़ा हुआ था।

## भीम आर्मी नवगठित जिला सक्ति का गठन हुआ



**जैजैपुर.** भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष बड़े भाई मान राजकुमार जांगड़े जी की अध्यक्षता में नवनिर्मित जिला सक्ति जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्व सहमति से जिला प्रभारी अश्वनी कुर्रे, जिलाध्यक्ष तरुणभारद्वाज, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हेमंत आदिले, उपाध्यक्ष अजय भारद्वाज, उपाध्यक्ष भरतलाल भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी संजू लहरे,के साथ सक्ति जिला का गठन किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का भीम आर्मी छत्तीसगढ़ परिवार हार्दिक स्वागत करता है।

# झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर शहीदों को किया गया नमन

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर बुधवार को कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर सभी अधिकारियों द्वारा शहीदों को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अपर कलेक्टर आर.ए. कुरूवंशी की उपस्थिति में सभी अधिकारियों ने शपथ लिया कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षों तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाईयों-बहनों के लिए हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम छत्तीसगढ़वासी अपने राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम छत्तीसगढ़ राज्य को पुनरू शान्ति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी पुलिस हिरासत में, सारंगढ़ से फरार होकर रायगढ़ में छिपा था आरोपी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सारंगढ़ पुलिस द्वारा दुष्कर्म मामले के आरोपी को रायगढ़ से हिरासत में लिया गया है। आरोपी अपराध दर्ज होने की जानकारी पर अपने रिस्तेदार के घर शरण लेने रायगढ़ फरार हो गया था, जिसे टीआई विवेक पाटले द्वारा हिरासत में लेकर सारंगढ़ लाया गया है। बीते शाम थाना सारंगढ़ में नाबालिग बालिका दो युवकों पर रास्ता रोककर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

इस संबंध में पीड़ित बालिका के बताए अनुसार वह अपने मामा घर मेहमानी में आई थी। 21 मई की रात्रि लगभग 8 बजे पडोस की सहेली के घर गई, जहां से कथा देखने चली गई । रात करीब 09 बजे अकेली वापस घर आ रही थी कि रास्ते में रवि श्रीवास और उसका साथी उसे बल पूर्वक पास के खेत में ले जाकर बलात संभाग किये। लोक लाज से किसी को नहीं बताई थी फिर बालिका अपनी सहेली और जिनके घर मेहमान आयी थी उन्हें घटना बताई। पीड़िता के रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों पर धारा 366(क), 376(घ) भादवि 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले के हमराह स्टाफ आरोपियों की पतासाजी के लिये पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर रातभर दबिश दिया गया, दोनों आरोपी अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी पर फरार हो गये थे जिनमें से एक आरोपी रवि श्रीवास पिता प्रेमसिंह श्रीवास उम्र 22 साल निवासी गुडेली थाना सारंगढ़ के रायगढ़ में होने की जानकारी पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी को रायगढ़ से हिरासत में लेकर सारंगढ़ लाया गया है, जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा। आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव, टीकाराम खटकर, आरक्षक कृष्णा महंत, जगजीवन खुंटे की अहम भूमिका रही है।

# सक्ति की रेलवे साइड में अवैध उत्खनन की सामग्रियों के उपयोग पर चैन माउंटेड मशीन और हाइवा जब्त

■ कलेक्टर जांजगीर चांपा जितेंद्र कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिला खनिज विभाग की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चाम्पा जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भंडारण पर नियमित कार्यवाही की जा रही है।

खनिज विभाग द्वारा ग्राम-पोरथा, तहसील-सक्ती में खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन कर निर्माणाधीन चौथी रेलवे लाइन में उपयोग करते पाये जाने पर 1 चैन माउंटेड मशीन को जप्त कर सील किया गया एवं 01 हाइवा वाहन को जप्त कर थाना सक्ती मे सुरक्षार्थ रखा गया,इसी तरह ग्राम जोबी (बिरगहनी) तह जांजगीर से रेलवे के निर्माणाधीन चौथी लाइन में बिना अनुमति के खनिज मिट्टी के अवैध उत्खनन करते 1 चैन माउंटेड मशीन को सील किया गया है एवं 1 हाइवा वाहन को जप्त कर कलेक्टोरेट परिसर मे रखा गया। छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 /खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत खनिज मिट्टी के अवैध उत्खनन के दोनों प्रकरणों मे कुल ?2,82,000 (? दो लाख बयासी हजार )रूपये अर्थदण्ड/समझौता राशि अवैध उत्खननकर्ताओ से वसूल कर खनिज मद मे जमा कराया गया,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 (यथा संशोधित ) के अनुसार 01अप्रैल 2018 से सभी निर्माण कार्य मे मुरूम के साथ साथ मिट्टी के व्यवसायिक उपयोग मे भी रायल्टी देय है।कार्यवाही में आदित्य मानकर (खनि निरीक्षक),पी.डी.जाड़े ( प्रभारी खनि निरीक्षक ) सावंत सूर्यवंशी शामिल रहे।

# लैलूंगा कोरिअर ऑफिस में चोरी के मामले में पुलिस को मिली कामयाबी

■ अपचारी बालकों से नगदी 25,000, 5 मोबाइल व मोबाइल पार्ट्स जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लैलूंगा थानाक्षेत्र अंतर्गत लैलूंगा-कोतबा बाईपास रोड के कोरिअर ऑफिस में चोरी के मामले में लैलूंगा पुलिस द्वारा दो विधि के साथ संघर्षरत अपचारी बालकों को हिरासत में लिया गया, जिनसे नगदी 25270, 5 नग मोबाइल, 2 नग पावर बैंक, 4 मोबाइल चार्जर की बरामदगी की गई है । अपचारी बालकों में एक पूर्व में कुरियर कंपनी में काम करता था, दोनों को नकबजनी के अपराध में किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ के समक्ष आज पेश किया गया है, जहां से दोनो को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है । घटना के संबंध में लैलूंगा-कोतबा बाईपास पर अग्रहरी ट्रेडर्स ई कम एक्सप्रेस कोरियर ऑफिस के सुपर वाईजर गिरजा शंकर पटेल निवासी गाला थाना पत्थलगांव जिला जशपुर 23 मई को थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22 मई को स्टाफ के लोग रात्रि करीब 09.30 बजे ऑफिस को ताला बंद कर चले गए, 23 मई को सुबह करीब 05.30 बजे ऑफिस आकर देखा तो ऑफिस का सटर अधखुला ताला टुटा हुआ था। अन्दर घुस कर देखा तो कोरियर का सामान बिखरा हुआ पडा था दराज में रखे 40,727 रूपये एवं कोरियर मोबाईल अन्य समान को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था । चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा सदर 457,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## व्यापम द्वारा 29 मई को होगा पीपीटी की प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**सक्ति।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 29 मई को पीपीटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, जांजगीर चाम्पा कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने परीक्षा के व्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को परिवहन अधिकारी और पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है,इस परीक्षा के लिए जांजगीर के टी सी एल कॉलेज जांजगीर, शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जांजगीर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या जांजगीर और रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलिटेक्निक जांजगीर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया। इस परीक्षा में 1528 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# 79 पदों का होगा नवीन सक्ति जिले का संपूर्ण सेटअप

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर ने अपने पत्र क्र. एफ 11-07/2022 / सात-4 नवा रायपुर, दिनांक 2ह्व मई 2022 /05/2022 के द्वारा राज्य के संभागायुक्त-संभाग- सरगुजा / बिलासपुर / दुर्ग छत्तीसगढ़ को पत्र लिखा है जिसमे नवीन जिला में अधिकारी / कर्मचारियों की पदस्थापना के संबंध में जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए है,पत्र के अनुसार कहा गया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में 05 नवीन जिलों का गठन किया जाना है, जिसमें सरगुजा संभाग से मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर, बिलासपुर संभाग से सक्ती एवं से सारंगढ़ - बिलाईगढ़ तथा दुर्ग संभाग से मोहला मानपुर-अम्बागढ़ खैरागढ़- छुईखदान-गंडई का गठन किया जा रहा है। चौकी एवं उक्त नवीन जिलों की अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन उपरान्त जिलाध्यक्ष कार्यालय एवं भू-अभिलेख कार्यालय हेतु सेटअप स्वीकृत किया जाएगा, साथ ही पत्र के साथ नए जिलों में पदों के विवरण की प्रति संलग्न करते हुए नवीन जिले के प्रभावशील होते ही अधिकारी / कर्मचारियों की पदस्थापना जिलों में किये जाने की बात कहते हुए सरगुजा / बिलासपुर / दुर्ग संभाग के अधीनस्थ जिलों में कार्यरत कर्मचारी जो नवीन जिलों में कार्य करने के इच्छुक हो ऐसे कर्मचारियों की सहमति प्राप्त कर अनुशंसा सहित प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है जिसमे की यह आदेश (भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को छोड़कर) होंगा,उक्त पत्र नीलम नामदेव एक्का सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपने हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

# मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए मैं स्वयं अपने आपको महसूस कर रहा हूं गौरवान्वित : डॉ चरणदास महंत

■ सकती में विधानसभा अध्यक्ष महंत ने किया टॉपर बच्चों का सम्मान

■ छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागी 368 बच्चों को दी गई 2000/- की प्रोत्साहन राशि

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने 26 मई को स्थानीय हटरी धर्मशाला शक्ति में आयोजित कार्यक्रम में विगत दिनों छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले छात्र/ छात्राओं को सम्मान राशि का चेक वितरण एवं बोर्ड परीक्षाओं में शक्ति जिले के स्टेट तथा जिले की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले छात्र/ छात्राओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत,नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं सम्मान आयोजन समिति के प्रमुख,जिला खनिज न्यास निधि सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू,महबूब खान, नगर पालिका शक्ति के विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता नरेश गेवाडीन, विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, डभरा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राईस किंग खूटे,पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गबेल,सीनियर एडवोकेट गिरधर जायसवाल, युवा कांग्रेस नेता समर विजय पिंटू ठाकुर, प्रदेश किसान कांग्रेस के पदाधिकारी साधेश्वर गबेल, आमिर चंद्र अग्रवाल भुरू, पार्षद दीपक रिक्की सेवक, रामनारायण गौतम, तपेश शर्मा, राजकुमार दरयानी, नितिन शुक्ला, योम्प्रकाश लहरे, प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता चितरंजन प्रसाद पटेल ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी, तथा कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के रामनारायण गौतम ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष महंत जी के द्वारा विगत दिनों हाईस्कूल में संपन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति को देखकर सभी बच्चों की ?2000/- की राशि देने की घोषणा की गई थी, तथा आज यह राशि लगभग 368 बच्चों को चेक के माध्यम से वितरित की जा रही है, तथा इसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्र के अनेकों स्कूल शामिल हैं।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आम जनता की बात पहुंचाने एवं पार्टी संगठन को लेकर बैठक आहूत




पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को देखते हुए आम आदमी पार्टी की बैठक आहूत किया गया । जिसमें की आम आदमी पार्टी का प्रोफार्मा को विघ्नेश्वर सिंह संगठन मंत्री ने अवलोकन कर समझाया और उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी गांव गांव एवं हर घर में जाकर दिल्ली सरकार की आपकी बात को रखेंगे। वहीं पर आम आदमी पार्टी में जुड़ने के लिए भी गतिविधियों के बारे में जानकारी देंगे और गांव की समस्या को भी पूछेंगे इस तरह से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक घर जा जाकर अभी से अपना पार्टी का प्रचार एवं जोड़ने का प्रचार नौतपा से प्रारंभ कर दिए हैं जिसमें पार्टी के लोग 10-10 गांव में जाकर अपना बात रखेंगे ।

इस बैठक में भरत लाल साहू विधानसभा अध्यक्ष, अशोक जांगड़े, लतेश्वर प्रसाद, हेमराज चंद्रा, मुन्नू लाल महन्त, लोकेश यादव, गणेश कुमार चंद्रा, राणा, ईशवर साहू, चंद्र विजय अंचल, राम कुमार चंद्रा, पन्नालाल पटेल, गोलू, श्याम रतन, दिल चंद यादव, योगेश यादव, सत्यनारायण, रामदेव चौहान, दीपक, अजय मनहर, इरान सिंह, आजाद सिंह खुटे, चन्द राम चंद्रा, देवेंद्र चंद्रा, द्वारका प्रसाद चंद्रा, अनिल चंद्रा, मार्तंड सिंह बनाफर , कोमल प्रसाद के साथ अनेक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने यह संकल्प लिया है कि आपकी बात से घर तक पहुंचाएंगे और नए सदस्य जोड़ने का अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें आप लोग अधिक से अधिक संख्या में जोड़ कर आप अपनी बात को हमारे तक पहुंचाएं ताकि आपकी बात का सही निदान हो सके।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश की आबो-हवा भी अब हो रही अशांत जैन धर्मगुरू के खिलाफ क्रांति सेना ने की अभद्र टिप्पणी

**■ क्रांति सेना अध्यक्ष अमित के खिलाफ एफआईआर की जैन समाज ने की मांग**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ क्रंति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्म गुरुओं पर की गई अभद्र टिप्पणी की घोर निंदा एवं उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग को लेकर खंडेलवाल दिगंबर जैन समाज जशपुर की ओर से गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के हाथों ज्ञापन सौंपा गया है। समाज के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने एएसपी प्रतिभा पांडे को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 26 मई को आदिवासी समाज के आह्वान पर ग्राम तूएगोंदी ए थाना गुंडरदेही जिला बालोद छत्तीसगढ़ में आदिवासियों पर हुए हमलों को लेकर बालोद जिला बंद का आह्वान किया गया था। इसी दौरान मंच से छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के द्वारा अल्पसंख्यक एवं अहिंसक जैन समाज के धार्मिक गुरुओं के खिलाफ अभद्र व अनर्गल एवं बहुत ही घटिया शब्दों का प्रयोग करते हुए जैन समाज का अपमान किया है। सारे विश्व में अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले और आपसी प्रेम सद्भाव एवं भाईचारा बढ़ाने वाले, जियो और जीने दो का संदेश देने वाले और जगत के सभी प्राणिमात्र के प्रति करुणा भाव धारण करने वाले जैन मुनियों के बारे में ऐसी धारणा रखने वाले और खुले मंच से उनके प्रति ऐसी घटिया भाषा का प्रयोग करने वाले की मानसिकता का अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है।

**यह राज्य के लिए गलत संदेश-** अमित बघेल जिन्होंने जैन मुनियों के बारे में बहुत ही गंदे गंदे शब्दों का प्रयोग किया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य जो कि आपसी प्रेम और सद्भाव के लिए जाना जाता है के लिए अच्छा सूचक नहीं है और यह बयान इस प्रेम सद्भाव के वातावरण में जहर घोलने वाला कृत्य है। अगर शासन इस प्रकार की कृत्य पर संज्ञान लेकर कार्यवाही नहीं करेगी तो भविष्य में सभी जाति विशेष कर अल्पसंख्यकों को विशेष परेशानी होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में इन शब्दों का प्रयोग किसी भी साधु के लिए नहीं किया गया है।

### मानव बलि देने की बात कही

यह एक बहुत ही निंदनीय कृत्य है। अमित बघेल द्वारा ना सिर्फ जैन मुनियों के प्रति अपशब्द कहे गए अपितु समय आने पर इंसानों को तक मारकर जीव बलि देने तक कि बात कही गई जोकि सर्व मानव समाज के लिए अपमानजनक है एवं उनकी घिनौनी सोच को दर्शाती है। जिलाधीश महोदय के माध्यम से शासन से निवेदन है कि इस विषय को बहुत ही गंभीरता से संज्ञान लेते हुए ऐसे निंदनीय कृत्य करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे जैन समाज जोकि सदा से ही अहिंसक समाज रहा है ए ऐसे जैन समाज के खिलाफ ऐसे अनर्गल शब्दों का प्रयोग करना बहुत ही निंदनीय है।

### समाज स्वयं करेगा निर्णय

ज्ञापन के माध्यम से यह बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के सिपहसालार राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री से निवेदन करते हैं कि ऐसे कुकृत्य करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए एवं शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी की जाए। सरकार यदि इस कुकृत्य को रोकने में विफल होती है या किसी भी कार्यवाही में कोई कमी प्रदर्शित करती है तो सकल जैन समाज, भारतवर्ष एकजुट होकर स्वयं से ही इस विषय का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करेगा। समाज में असाम्प्रदायिकता का माहौल बनाने वाले ऐसे असामाजिक व्यक्ति के खिलाफ सरकार आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करेगी।

# अभिजीत पति की अध्यक्षता में फिक्की छत्तीसगढ़ राज्य परिषद की बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

उद्योग संगठन फिक्की की छत्तीसगढ़ राज्य परिषद की वित्त वर्ष 22-23 की पहली बैठक संपन्न हुई। शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक तथा छत्तीसगढ़ राज्य परिषद फिक्की के वर्तमान अध्यक्ष अभिजीत पति ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य सदस्यों द्वारा राज्य स्तर पर महत्वपूर्ण औद्योगिक मुद्दों के समाधान के संबंध में निकाय और कार्यप्रणाली को मजबूत करने के पहलुओं पर चर्चा करने और विचार-विमर्श करने के लिए मंथन सत्र आयोजित करना था। इस कार्यक्रम में जिंदल स्टील एंड पावर के एवीपी श्री यूपी सिंह और जीएम सुयश शुक्ला, एमएचआईडीपीएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शेखर सुभेदार, एसबीटी टेक्सटाइल्स के डायरेक्टर विक्रम जैन और एमएचआईडीपीएल के सीईओ श्री आर बी ई राव, यूआरएलए इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग, आईबी ग्रुप के ग्रुप सीएफओ मनीष आहूजा एवं ट्रेजरी हेड असीम आहूजा, एमएचआईडीपीएल के राजन पांडे और शालीन राव, उप निदेशक एवं फिक्की छत्तीसगढ़ प्रमुख ने शिरकत की। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक तथा छत्तीसगढ़ राज्य परिषद फिक्की के वर्तमान अध्यक्ष अभिजीत पति ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें एक प्रतिष्ठित संघ के सदस्यों के रूप में राज्य में फिक्की की उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में सरकार के साथ सामंजस्य बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना चाहिए। राज्य के विभिन्न उद्योगों के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान और चर्चा करने का फिक्की एक मंच है। हम सभी को इस मंच के माध्यम से राज्य और राष्ट्र के औद्योगिक विकास की दिशा में मिलकर आगे बढ़ना है। हमारे उद्देश्यों को राज्य सरकार के साथ सक्रिय भागीदारी और नीतिगत सुधारों में सरकार का समर्थन कर राज्य में व्यावसायिक गतिविधियों की आसानी के लिए औद्योगिक सुझाव प्रदान कर समर्थन प्राप्त किया जा सकता है।

# गुरुर में अनुविभाग स्तरीय जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

सीएम भूपेश बघेल के आगमन और भेंट मुलाकात कार्यक्रम के पहले एवं शासन की प्रमुख योजनाओं में से एक जन चौपाल कार्यक्रम गुरूवार को गुरुर मुख्यालय के साहू सदन में आयोजित किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे जनचौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। गुरुर मुख्यालय में अनुविभाग स्तरीय जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया साथ ही प्रमुख विभागो ने अपने स्टॉल भी लगाए। आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में गुरुर ब्लॉक के कई गांवों के फरियादी, ग्रामीण अपनी समस्या, शिकायत और सुझावों को जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किये। जन चौपाल में आये प्रत्येक लोगो से एक-एक कर के कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मुलाकात की और उनकी समस्या सुनी। उन्होंने जनचौपाल में आये राशन, पेंशन, बिजली, आवास, राजस्व के प्रकरणों से सम्बंधित आवेदनों को प्राथमिकता से सुना और त्वरित प्रकरणों के निराकरण के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त जनचौपाल कार्यक्रम में 75 आवेदन प्रस्तुत हुए। इस बीच कलेक्टर महोबे ने अधिकारियों कि मीटिंग भी ली व आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। महोबे ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन चौपाल सहित सभी प्रकार के मांग व शिकायत आवेदनों का तत्काल निराकरण करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, अभिषेक दीवान, गुरुर एसडीएम रश्मि वर्मा, व सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हुआ एमओयू, 2119 करोड़ रुपये का होगा निवेश

**रायपुर।** राष्ट्र की प्रगति को तेज गति देने के लिए जिन्दल पैन्थर सिमेंट (जेएसपी) रायगढ़ क्षेत्र में सीमेंट प्लांट लगाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार के साथ एक एमओयू हुआ है जिसे शासन की ओर से श्री मनोज कुमार पिंगुआ प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग तथा जिंदल सिमेंट की ओर से प्रदीप टण्डन अध्यक्ष जे.एस.पी. ने हस्ताक्षर किए ।इसके साथ स्टील, ऊर्जा, माइनिंग एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अग्रणी जिन्दल स्टील एंड पावर की सेवाओं में सीमेंट उत्पादन भी प्राथमिक रूप से जुड़ जाएगा। जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर के सीमेंट प्लांट लगाने के इस फैसले से लोहे से बना-लोहे सा बना जिन्दल पैंथर नाम से मशहूर बाजार में अग्रणी सीमेंट ब्रांड की उपलब्धता बढ़ जाएगी। इस सीमेंट प्लांट से 25 लाख टन सीमेंट एवं 25 लाख टन क्लिंकर प्रतिवर्ष उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। पर्यावरण आवश्यकताओं और समय की मांग के अनुरूप प्लांट में ऊर्जा संरक्षण की भी व्यवस्था की गई है और 12 मेगावाट के वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम से यह प्लांट चलाकर क्लीन एंड ग्रीन इंडिया के सपनों के अनुरूप राष्ट्र के विकास को गति दी जाएगी। सीमेंट प्लांट लगने से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हजारों रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। इसके अलावा क्षेत्र में विकास की एक और बयार बहेगी। जिन्दल स्टील एंड पावर के प्रेसिडेंट प्रदीप टण्डन ने बताया कि यह सीमेंट प्लांट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो चेयरमैन नवीन जिन्दल की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

# जैन संत मुनियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से आक्रोश

**डोंगरगांव नगर।** सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रही है। वीडियो में एक युवक द्वारा कटाक्ष करते हुए जैनाचार्यो पर तथाकथित ढंग से अमर्यादित शब्दावली का इस्तेमाल किया गया है। उक्त वीडियो के वायरल होते ही जैनधर्म अनुयायियों में उक्त युवक के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हो गया है। सकल जैन समाज कथित युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हेतु एसडीएम व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। दरअसल उक्त वीडियो को बालोद जिले के एक कार्यक्रम का बताया जा रहा है। उक्त वीडियो के सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होने से जैन सकल समाज व्यथित व उद्वेलित है। जैन समाज ने उक्त वीडियो को लेकर गंभीरता दिखाते हुए कथित युवक की शब्दावली को जैन समाज के मर्यादा के खिलाफ निरूपित किया है। डोंगरगांव नगर के सकल जैन धर्मावलंबियों ने संत मुनियों का अपमान बताते हुए कथित युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। जैन समाज ने जैन मंदिर परिसर में एकत्रित होकर शांतिपूर्ण पैदल मार्च करते हुए पुलिस थाना पहुंचे थे। उक्त अवसर पर दिनेश गाँधी, दिनेश नखत, ललित लोढ़ा, रामकिशन माहेश्वरी, सुयश नाहटा, हेमंत चोपड़ा, किशोर बोहरा, देशराज जैन, अजीत जैन सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारीगण, महिला पुरुष एवं युवावर्ग के अलावा माहेश्वरी मारवाड़ी समाज के अनुयायी भी शामिल थे।



# जैन समाज नेवरा में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



जैन समाज नेवरा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम से छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की गई है। शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समाज नेवरा के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन ,प्रदेश संरक्षक छत्तीसगढ़ दिगंबर जैन समाज महेंद्र कुमार जैन सहित सहित अन्य सदस्यों ने हस्ताक्षर कर ज्ञापन के जरिए अपनी बात रखी है। समाज की ओर से कहा गया है कि 25 मई को आदिवासी समाज के आह्वान पर ग्राम तूएगोंदी थाना गुंडरदेही जिला बालोद में आदिवासियों पर हुए हमलों को लेकर बालोद जिला बंद का आह्वान किया गया था। इस दौरान मंच से छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ने अल्पसंख्यक एवं अहिंसक जैन समाज के धार्मिक गुरु मूल्यों के प्रति अभद्र, अनर्गल एवं आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए जैन समाज का अपमान किया है। इससे संपूर्ण जैन समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। पूरे समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा है कि सारे विश्व में अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले,आपसी प्रेम सद्भाव एवं भाईचारा बढ़ाने वाले, जियो और जीने दो का संदेश देने वाले और जगत के सभी प्राणी मात्र के प्रति करुणा का भाव धारण करने वाले जैन मुनियों के बारे में ऐसी धारणा रखने वाले और खुले मंच से उनके प्रति ऐसी घटिया भाषा का प्रयोग करने वाले की मानसिकता का अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है। अमित बघेल ने आज जैन मुनियों के बारे में बहुत ही गंदे शब्दों का प्रयोग किया है। छत्तीसगढ़ राज्य जो कि आपसी प्रेम और सद्भाव के लिए जाना जाता है,इसके लिए अच्छा सूचक नहीं है। यह बयान इस प्रेम सद्भाव के वातावरण में जहर घोलने वाला कृत्य है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत इंदामरा जनपद व जिला पंचायत राजनांदगांव

दिनांक 18.05.2022

**//निविदा आमंत्रण सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत को 15 वें वित्त योजना से सौर ऊर्जा लाईट क्रय किए जाने हेतु प्रस्ताव पारित हुआ है।

इच्छुक सामग्री निविदाकर्ता/फर्मों से बंद लिफाफा में निविदा दरें आमंत्रित की जाती हैं।

**01. निविदा जमा करने की तिथि : 27 मई 2022 व 28 मई 2022**

**02. निविदा खोलने की तिथि : 28 मई 2022**

**03. स्थान : ग्राम पंचायत भवन, इंदामरा, वि.खं. राजनांदगांव**

**टीप :** निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।

**श्री रामरतन साहू**
**उप सरपंच**
**ग्राम पंचायत इंदामरा**

**श्रीमती रेवती वर्मा**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत इंदामरा**


# कोरोना काल में ग्राउन्ड रिपोर्टिंग के लिए सोमेश पटेल इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




अगर आप किसी कार्य को निस्वार्थ करते हैं तो उसका फल आपकी आशा से कहीं ज्यादा ही मिलता है। कोरोना काल में जान की बाजी लगाकर ग्राउंड जीरो की रिपोर्टिंग करने को लेकर सोमेश पटेल को इण्डिया बुक रिकार्ड से सम्मानित किया गया है। कोरोनाकाल के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना सोमेश पटेल लगातार दिन रात रिपोर्टिंग कर रहे थे। इतना ही नहीं उन्होंने सैकड़ों जिंदगी को भी बचाया । यहां तक की कई ऐसे मरीज थे, जिनके परिजन पास आने से डरते थे, ऐसे में सोमेश पटेल ने ना सिर्फ उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया । बल्कि जान बाचाने मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बताया गया की सोमेश पटेल ने खुद की राशि खर्च मजदूरों को खाने-पीने की वस्तुएं उपलब्ध काराते थे। ऐसे तमाम सेवा कार्यो को लेकर उन्हें यह अवार्ड मिला है। उन्होने बताया की उनका नाम इंडिया बुक ऑफरिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। अपनी इस उपलब्धि पर श्री सोमेश पटेल ने कहा कि यह सम्मान कोरोना काल में ग्राउंड जीरो रिपोर्टिंग को लेकर मिला है। उन्होने कहा जब देश में सबसे ज्यादा कोरोना वायरस के मामले आ रहे थे। तब छत्तीसगढ़ में पलायन कर रहे मजदूरों की रिपोर्टिंग किया। तब मुझे सिर्फ इतना ही पता था कि एक पत्रकार होने के नाते लोगों के दुख-दर्द को सरकार व समाज के बीच पहुंचाना है। अपने स्तर पर लोगों के दुख दर्द को बांटना है। साथ ही मानव मन होने के कारण इसी दौरान लोगों को सेवा करने का मौका मिला। सच कहूं तो हमने प्रभु का कार्य किया है। छोटी उम्र से ही कुछ कर गुजरने का जज्बा रखने वाले सोमेश पटेल छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के रहने वाले है। इनका जन्म बैकुंठपुर जिले में हुआ। और वह 13 साल से राष्ट्रीय अलग-अलग चैनलों में कार्य कर चुके हैं। सोमेश पटेल को भारत सरकार के डिफेंस मिनिस्ट्री मे कोर्स के बाद सम्मानित किया गया था। 2021 में भगत सिंह अवॉर्ड मिला है। 2022 में दिल्ली में मीडिया एक्सिलेंट अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं। अब 2022 में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड से उन्हे सम्मानित किया गया है।

# पारले एग्रो कर रही है समूचे भारत में किसानों और फल प्रसंस्करण साझेदारों के विकास के लिये अवसरों का निर्माण

रायपुर। भारत की सबसे बड़ी बेवरेज कंपनी पारले एग्रो फ्रूटी और ऐपी जैसे फलों से बने प्रतिष्ठित बेवरेज ब्रांड्स बनाने में अग्रणी रही है। ये पेय पदार्थ लगभग हर भारतीय के दिलों पर राज करते हैं देश और दुनिया भर में अपने उत्पादों की व्यापक मांग को पूरा करने के उद्देश्य से पारले एग्रो अपने आंतरिक आधारभूत संरचना को अपडेट करने में ध्यान केंद्रित कर रही है इसके साथ ही कंपनी समूचे भारत में अपने फल प्रसंस्करण साझेदारों की काबिलियत और क्षमताओं का निर्माण करने में तत्परता से काम भी कर रही है। इस अवसर पर शौना चैहान सीईओ पारले एग्रो ने कहा पारले एग्रो कच्चे माल और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के मामले में हमेशा ही भारत-केंद्रित रहेगी हमारा लक्ष्य भारत के आर्थिक रूप से निर्माण में योगदान देकर और पूरे भारत में छोटे किसानों और एसएमई और एमएसएमई के लिये अवसर पैदा करके भारत की शानदार विकास कहानी का हिस्सां बनना है।


## न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)

रा.प्र.क्र.202204160100022 अ-20(3)2021-22

**// ईश्तहार //**

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका झरियारिन नागवंशी पिता/पति चंद्रसेन नागवंशी जाति गोंड निवासी गीदम नगरीय क्षेत्र गीदम वार्ड क्रं...... तहसील गीदम जिला दंतेवाड़ा मोबाइल नंबर 9977658609 को ग्राम गीदम पहन 17 तहसील गीदम जिला दंतेवाड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 584/1 रकबा 1.5260 हेक्टे. में से 94 वर्गमीटर भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ व्यवस्थापन/बंटन किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 06/06/2022 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/05/2022 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग.

रा.मा.क्र./ / अ-6/2021-22
ग्राम केशकाल, तहसील-केशकाल

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कमरूननिशा पिता सै. प्यार अली पति स्व. शमीम खान निवासी केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा उनके नाम पर ग्राम केशकाल प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. केशकाल तहसील केशकाल, जिला कोण्डागांव छ.ग. स्थित वाद भूमि खसरा नं. 110/12 रकबा 0.0040 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त खाता में उनकी पुत्री जमशीद बानो पिता स्व. शमीम खान का नाम शामिल कराना चाहती है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 27/05/2022 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दवा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा के अधिन जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**केशकाल**

## न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)

रा.प्र.क्र.202205160100036 अ-20(3)2021-22

**// ईश्तहार //**

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता खुरशिदा बानो पिता/पति स्व. ख्वाजा हुसैन उम्र 52 वर्ष जाति मुसलमान मो.नं. 8120400321 निवासी किरंदुल को वर्ष 2019-20 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत नगरीय क्षेत्र किरंदुल पहन 07 रानिमं व तहसील बचेली जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 1/25 रकबा 1.3430 हे. भूमि में से, प्राप्त 800 वर्गफुट भूमि के भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07/06/2022 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/05/2022 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /अनु.वि./नजूल/2022 सक्ती दिनांक 26/05/2022

सर्व साधारण नगर सक्ती को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बसंत कुमार अग्रवाल पिता बिसाहू लाल अग्रवाल उम्र 50 साल निवासी सक्ती तहसील सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र के वास्ते धारा 109, 110 छ.ग. भू.रा. संहिता के अन्तर्गत नजूल नामांतरण किये जाने बाबत् पेश कर उल्लेखित किया गया है कि नजूल सक्ती शीट क्रमांक 20 भू खण्ड क्रमांक 7 पुराना खसरा नं 909/1, संधारण खसरा नं. 909/1, 909/3 क्षेत्रफल 180 वर्गमीटर (1938 वर्गफीट) भू भाटक 43.20/ रू. भूमि में से 174 वर्गमीटर (1870 वर्गफीट) भूमि को रजि, पंजीयन दिनांक 12/03/1996 को पुनीराम चंद्रा पिता रीतराम चंद्रा से क्रय किया गया है। आवेदक बसंत कुमार अग्रवाल पिता बिसाहू लाल अग्रवाल के नाम से नामांतरण कराने बाबत् आवेदन पेश किया गया।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 09/06/2022 तक स्वयं या किसी माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से पेश कर सकते हैं। बाद की दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी।

ईश्तहार इस न्यायालय के सील मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से दिनांक 26/05/2022 को जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**सक्ती**

## न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-अ-6/2021-22
ग्राम फंदवानीकापा प.ह.न. 14

ग्राम फंदवानीकांपा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शकुन्तलादेवी पति स्व. अजय कुमार जाति सतनामी निवासी फंदवानीकापा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम फंदवानीकापा हल्का नं. 14 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं 16 कुल रकबा 0.741 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि की फौती दर्ज हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभावक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10/06/2022 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**मुंगेली (छ.ग.)**

## न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-अ-6/2021-22
ग्राम फंदवानीकापा पहन 14

ग्राम फंदवानीकांपा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शकुन्तला बाई पति स्व. अजय कुमार जाति सतनामी निवासी फंदवानीकापा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम फंदवानीकापा हल्का नं. 14 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं 15/3, 19/3, 19/5, कुल रकबा 0.202 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि की फौती दर्ज हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभावक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10/06/2022 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**मुंगेली (छ.ग.)**

## संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

**// आमसूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भू-खण्ड/भवन/फ्लैट/दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/भवन/फ्लैट/दुकान को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र. | आबंटी का नाम | भू-खण्ड/भवन /फ्लैट/ दुकान क्र. |
|---|---|---|
| | **सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार डुमरतराई** | |
| 1. | श्री रमेश कुमार मेघानी पिता श्री तारामल मेघानी | ए-09 |
| 2. | श्री अनिल अग्रवाल पिता श्री मातादीन लाल अग्रवाल | ए-33 |
| 3. | श्री रामचन्द्र कृष्णनानी पिता स्व. श्री सुन्दर लाल कृष्णानी | ए-90 |
| 4. | श्री टीकमदास थौरानी पिता स्व. श्री भारोमल थौरानी | ए-55 |
| 5. | 1. श्री दिनेश कुमार वल्र्यानी 2. श्री पुरूषोत्तम वल्र्यानी दोनों के पिता स्व. श्री शंकर लाल वल्र्यानी | ए-26 |
| 6. | श्री उमेश कुमार थौरानी पिता श्री टीकमदास थौरान | ए-87 |
| 7. | श्री राहुल अग्रवाल पिता श्री गोविन्द राम अग्रवाल | बी-137 |
| 8. | श्री अश्विन दोषी पिता स्व. श्री एन.के. दोषी | बी-07 |
| 9. | श्री अजित जैन पिता श्री भागचन्द जी जैन | बी-81 |
| 10. | श्री विजय कुमार बजाज पिता स्व. श्री चंचलदास बजाज | बी-112 |
| 11. | श्री अर्जुन दास ठाकवानी पिता स्व. श्री गुरनामल ठाकवानी | बी-157 |
| 12. | श्री निशांत दुग्गड़ पिता स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जैन | बी-118 |

| क्र. | आबंटी का नाम | भू-खण्ड/भवन /फ्लैट/दुकान क्र. |
|---|---|---|
| 13 | 1. श्री राजेश कुमार दोषी 2. श्री मनीष कुमार दोषी 3. श्री अल्पेश कुमार दोषी तीनों के पिता स्व. श्री प्रवीण चन्द्र दोषी द्वारा मु.आ. श्री राजेश कुमार वर्लयानी पिता श्री भगवानदास वर्लयानी | सी-07 |
| 14 | श्री अनिल साहू पिता स्व. श्री राजचन्द्र जी साहू | सी-59 |
| 15 | श्री केशव दास नागवानी पिता स्व. श्री अर्जुनदास नागवानी | सी-78 |
| 16 | श्री प्रहलाद राय बजाज पिता श्री गुरूमुख दास बजाज | सी-101 |
| 17 | श्री संजय अग्रवाल पिता स्व. श्री डी.पी. अग्रवाल 2. श्री दिनेश अग्रवाल पिता स्व. श्री आर.एस.अग्रवाल | सी-116 |
| 18 | श्री मनोहर जयसिंधानी पिता श्री पंजूल जयसिंधानी | सी-133 |
| 19 | श्रीमती सीमा बाजाज पति स्व. श्री राजेश कुमार बजाज | सी-140 |
| | **सामान्य आवास योजना शंकर नगर रायपुर** | |
| 20 | श्री राजभारती पिता स्व. श्री एस. सिंह | एम.आई.जी.-10 सेक्टर-03 |
| | **विशेष आवासीय योजना धरमपुरा फेस-2 रायपुर** | |
| 21 | श्री भजन सिंह निरंकारी पिता स्व. श्री बेलीराम | एच.आई.जी. भू-खण्ड क्रमांक-54 |

**संपदा अधिकारी**

# भाजयुमो ने गृहमंत्री पर लगाया एसडीओ दीवान को बचाने का आरोप, 48 घंटे का अल्टीमेटम

## कार्यवाही ना होने पर आंदोलन की दी चेतावनी, हिट एंड रन का मामला दर्ज करने की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बीते 23 मई 2022 को लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एसडीओ पी एस दीवान ने शराब के नशे में लापरवाही पूर्वक 120 किलोमीटर की रफ़्तार से वाहन चलाते हुए शहर के होनहार युवा यश चौथवानी को अपने चपेट में ले लिया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में एसडीओ पी एस दीवान पर धारा 279 /337/304 (ए) के तहत मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी की गई और उसी दिन थाने से उसे जमानत भी दे दिया गया । लेकिन विभाग की ओर से एसपी दीवान पर अब तक किसी भी प्रकार की कोई विभागीय कार्यवाही नहीं हुई जिसकी वजह से अब भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है । भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता के नाम से ज्ञापन सौंपा गया जिसमे दीवान पर विभागीय कार्यवाही करने की बात कही गई है अन्यथा 48 घंटे के भीतर दीवान पर विभागीय कार्यवाही ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है ।



### गृहमंत्री पर दीवान को बचाने का लगाया आरोप

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के गृहमंत्री व् लोकनिर्माण विभाग के मंत्री ताम्रध्वज साहू आरोपी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं और उन्हीं के दबाव में पीएस दीवान पर हिट एंड रन का मामला दर्ज नहीं हुआ है और अब तक कोई विभागीय कार्यवाही नहीं हुई है जबकि अब तक उसे निलंबित या बर्खास्त कर दिया जाना था। भाजयुमो ने मांग की है कि इस मामले में हिट एंड रन का अपराध भी दर्ज किया जाए अन्यथा भारतीय जनता युवा मोर्चा सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि जब भी मुख्यमंत्री जिले में आएंगे तो उन्हीं के समक्ष इस मामले को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

### पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध

इस मामले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद जब 112 की टीम वहां पहुंची तो पहले वो दिवान को अस्पताल ले गए जबकि यदि यश को तत्काल इलाज मिल जाता तो शायद उसकी जान बच जाती। इसी तरह डाक्टरी मुलाहिजा के दौरान भी दीवान की शराबखोरी को दरकिनार कर दिया गया जबकि वो बहुत नशे में थे ।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान ये लोग रहे प्रमुखता से मौजूद

कार्यक्रम के दौरान गोलू गुप्ता, आशीष डोंगरे, देवाशीष झा, पिंटू वर्मा, ज्ञानेश गुप्ता, शिवम् यादव, उज्जवल कसेर, जय शर्मा, चेतन यादव, आशुतोष सिंह, परमानंद सेन, प्रखर श्रीवास्तव, प्रह्लाद सिन्हा , प्रवीण शुक्ला , सुवितेश श्रीवास्तव, सोमेश मानिकपुरी, सत्यम मिश्रा, विजेंद्र कुमार आर्या, टिकेश्वर सिंह , आशु डहरिया, अंशुल श्रीवास्तव, हिमांशु सोनवानी, मनोज साहू, जैकी सोनकर, अमितेश झा , सोहन साहू, कृष्णा निषाद, नीरज शर्मा, रोहित सिन्हा, नरेंद्र देवांगन, विकास साहू, भूपेश साहू, अर्जुन राजपुरोहित, गीतेश्वर श्रीवास, अशोक सिन्हा, प्रजव्वल गुप्ता, रवि बंजारे, संस्कार झा, अभिषेक शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, अजय ध्रुव, प्रदीप दास सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता व् पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नौतपा का असर, चौक-चौराहे वीरान




पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नौतपाके दूसरे दिन जिले का तापमान 40 डिग्री के आसपास रहा। मई माह में इससे पहले कई दिनों तक पारा इससे भी ज्यादा रह चुका है। लोगों ने इस माह कड़ी तपिश झेली है। इससे पहले बुधवार को देर शाम हल्की बारिश के साथ काले बादल देर रात तक छाए रहे। सीमावर्ती जिलों में बारिश के चलते यहां भी कुछ राहत मिली है। बावजूद इसके तेज धूप अब भी बरकारार है। गुरुवार को शहर का सबसे व्यस्ततम महावीर चौक कुछ इस तरह वीरान रहा।

# कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल के परिजनों से की भेंट

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सेम्हरादैहान जाकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के घर उनके परिजनों से भेंट की। कलेक्टर सिन्हा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। उनके परिजनों से आत्मीय भेंट के दौरान कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह का देश की आजादी में अविस्मरणीय योगदान है। देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की स्मृतियों को सहेजना हम सभी का कर्तव्य है। उनके अवदान का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह के नेतृत्व में राजनांदगांव स्थित बीएनसी मिल के मजदूर एकजुट हुए और अंग्रेजी शासन के खिलाफ वर्ष 1920 में प्रदेश का प्रथम लंबा सफल आंदोलन हुआ था। उनके परिजन नरेन्द्र सिंह ने कहा कि यहां की मिट्टी उनकी जन्मभूमि है और यहां उनकी यादें बसी हुई है। उन्होंने कलेक्टर से ठाकुर प्यारेलाल सिंह के जीवन से जुड़ी बातें साझा की।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया में सांसद निधि से एम्बुलेंस पहुंची

■ ग्रामीणों सहित भाजपाइयों ने जताया सांसद का आभार

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया की वर्षों पुरानी एम्बुलेंस की मांग थी जिसे लेकर स्थानीय भाजपा नेताओं ने कोरोना काल में सांसद संतोष पांडे से उनके दौरा कार्यक्रम के दौरान मांग की थी। जिसे तत्काल सांसद ने स्वीकृति दी थी जो आज प्रत्यक्ष रूप से पूरी हुई। विकास खण्ड छुरिया मुख्यालय होने के कारण कोविड के समय आम जनता को एम्बुलेंस की सुविधा के लिए बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ा था। सांसद निधि से प्राप्त एम्बुलेंस से स्थानीय व आस पास के ग्रामीणों को भी इसकी सुविधा मिलेगी। एम्बुलेंस के पहुचते ही भाजपा नेताओं ने अस्पताल पहुच कर एम्बुलेंस की पूजा अर्चना कर अस्पताल प्रबंधन को एम्बुलेंस की चाबी सौंपी। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों सहित अस्पताल प्रबंधन एवं भाजपा कार्यकताओं ने सांसद पांडे के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर एम. डी. ठाकुर, रविन्द्र वैष्णव , आत्मा राम चंद्रवंशी, किरण वैष्णव, ललिता कवर, राधेश्याम शर्मा, सलमान खान, बी. एम. ओ. चंद्रशेखर वर्मासहित अन्य उपस्थित रहे।

# सरकार की नीति और नियत ठीक नहीं : डॉ. रमन सिंह

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह गत् दिनों कुशाभाउ ठाकरे विस्तारक योजना के तहत मोतीपुर शक्ति केंद्र राजनांदगांव पहुंचकर भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर वंदे मातरम गीत के साथ बैठक की शुरूआत की।

डॉ. सिंह ने बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र विस्तारकों की बैठक लेते कहा कि घोषणाओं की सरकार के दिन अब लद चुके हैं। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष के कार्यकाल में जो विकास के कार्य मोतीपुर और आसपास में हुए हैं, उनकी जानकारी मतदाताओं को अवश्य दें तथा विकास के कीर्तिमान कार्य तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं केंद्र में बैठे हुई मोदी सरकार के संवेदनशीलता के उदाहरण जनता को अवश्य बताएं। साथ ही यह जरूर बताएं कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के 15 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ ने देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई थी, जो अब समाप्त हो चुकी है।

डॉ. सिंह ने भूपेश सरकार को आड़े हाथों लेते कहा कि चारो ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकार की नीति और नियत ठीक नहीं है। जिसके कारण किसान, मजदूर, श्रमिक, महिलाएं, युवा सभी वर्ग परेशान हैं। चुनाव पूर्व की गई अनेक घोषणाएं आज तक पूरी नहीं हुई और फिर से मुख्यमंत्री जहां भी जा रहे हैं, सिर्फ घोषणाएं ही कर रहे हैं, जो कभी पूरी नहीं होगी।

मीडिया सेल के अनुसार इस अवसर पर सेवानिवृत शासकीय कर्मचारियों ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। जिसमें रामरतन गडेवाल, गोपाल साहू, अशोक साहू, दशरथ वर्मा, गोपाल वर्मा, एसएम ठाकुर एवं नरसिंग साहू शामिल हैं। सातों सेवानिवृत्त अधिकारियों को डॉ. सिंह ने माला एवं गमछा पहनाकर विधिवत भाजपा प्रवेश दिलाते संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन मनोहर यादव एवं आभार प्रदर्शन मदन यादव ने किया। कार्यक्रम में किशुन यदु, देवशरण सेन समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com




प्रोफे सर गौर का जाना छुरिया महाविद्यालय ही नही बल्कि अनेक लोगों के लिए अपूर्ण छति है। प्रोफे सर एस के गौर पिछले दस वर्षों से छुरिया महाविद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वह एक कुशल वक्ता के साथ -साथ राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, एनसीसी अधिकारी, खेल अधिकारी, स्वीप, और हिंदी विभागाध्यक्ष जैसे विभिन्न पदों पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे । अपने कार्यक्रम अधिकारी के मृत्यु की खबर पाकर स्वयंसेवकों के हृदय कांप उठे थे। उन्हें यकीन ही नही हो रहा था। कि ऐसा कैसे हो सकता है? यकीन होता भी कैसे? क्योंकि रविवार को ही गौर सर ने वाट्सप ग्रुप में सभी से बात किया था। लेकिन सच्चाई के आगे सब बेबस हो गए। महाविद्यालय परिसर में अपने सर को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# रामकुमार चंद्रवंशी की छत्तीसगढ़ी छंद संग्रह 'छंद बगिच्चा' का हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव के छुरिया तहसील अपने विभिन्न कार्यों व गतिविधियों के लिए पुरे जिले में पहचान बनाये हुए हैं। हाल ही में राजनांदगांव में आयोजित हुई 'छंद के छ' स्थापना कार्यक्रम में जिसमे पुरे छत्तीसगढ़ के छंद साधक सम्मिलित थे। जहां पर आठ कलमकारों की रचनाएं (पुस्तक) विमोचित हुई। जिसमें छुरिया क्षेत्र के बेलरगगोंदी निवासी रामकुमार चंद्रवंशी की भी छंद बध्द कृति 'छंद बगिच्चा' का विमोचन हुआ। इसमें रामकुमार ने 105 प्रकार के छंदों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ी कविताएं लिपिबद्ध की है। पेशे से शिक्षक रामकुमार चंद्रवंशी पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा छुरिया के संस्थापक सदस्य भी है। वे इससे पहले भी 'छंद झरोखा' नामक छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह लिख चुके हैं। जिसे पूरे छत्तीसगढ़ी साहित्य जगत में बढ़िया प्रतिसाद मिला है।

# जिपं सदस्य महेंद्र यादव ने दिलाई 27 लाख की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 के लगातार दूसरी बार के जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में 27 लाख 75 हजार रुपये की स्वीकृति दिलाई है।15वें वित्त आयोग से स्वीकृत उक्त राशि से क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व अधोसंरचना से जुड़े निर्माण कार्य संपादित होंगे। यादव पूर्व में भी विभिन्न ग्रामों के लिए 65 लाख रुपए की स्वीकृति दिला चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि जिपं सदस्य यादव अपने क्षेत्र के विकास और मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर लगातार सक्रिय रहते हैं। जानकारी मुताबिक पेयजल व्यवस्था के लिए हाईस्कूल तुमड़ीबोड़ एक वाटर कुलर के लिए 45 हजार, ग्राम सलटिकरी श्मशान घाट में बोर खनन के लिए एक लाख 20 हजार, ग्राम आलीखुंटा गौठान में बोर खनन हेतु 1 लाख, ग्राम माडीतराई शिकारीभांठा में बोर खनन हैंडपंप सहित के लिए एक लाख 20 हजार, ग्राम बोदेला में सिंचाई बोर खनन, मोटर पंप सहित (नहर डूबान) के लिए 2 लाख 20 हजार, ग्राम धौराभांठा में हाईस्कूल बोर खनन हैंड पंप सहित हेतु एक लाख 20 हजार, ग्राम आलीखुटा में शमशान घाट में बोर खनन हैंड पंप सहित हेतु एक लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। अधोसंरचना निर्माण कार्य के तहत ग्राम पंचायत मुदगांव में नदी मंच में छत निर्माण हेतु एक लाख, ग्राम पंचायत पुरैना के आश्रित ग्राम मनकी में मंच निर्माण सतनाम पारा के लिए दो लाख, ग्राम पंचायत पारागांव खुर्द में मंच निर्माण पटेल पारा के लिए दो लाख, ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में मंच निर्माण वार्ड न.9 के लिए दो लाख, ग्राम पंचायत माड़ीतराई के आश्रित ग्राम लमानीनभाठा सरस्वती मंच के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु एक लाख 50 हजार, ग्राम टेका में नंदी मंच में छत निर्माण के लिए एक लाख, ग्राम खुड़मुड़ी में चबूतरा निर्माण गौठान के लिए 50 हजार, ग्राम पंचायत खुसीपार में जैतखाम में स्टील रेलिंग निर्माण के लिए 50 हजार, ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में चबूतरा निर्माण गढ़ माता मंदिर के नीचे के लिए एक लाख की स्वीकृति मिली है।

## दुकानों के आबंटन में गड़बड़ी का मामला, 6 दुकानदारों ने दाखिल की याचिका

# हाईकोर्ट पहुंचे पीड़ित, कलेक्टर व आयुक्त पर कोर्ट को गुमराह करने का आरोप

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के कमला कॉलेज चौक में मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना अन्तर्गत निर्मित दुकानों के आबंटन में अनियमितता बरतने और हितग्राहियों को आबंटन से वंचित करने का मामला एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंच गया है। पीड़ित दुकानदारों ने अधिवक्ता मौलेश तिवारी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में कलेक्टर व नगर पालिक निगम आयुक्त पर कोर्ट को भ्रमित करने के आरोप भी लगे हैं।

पीड़ितों के अधिवक्ता मौलेश तिवारी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, कलेक्टर व निगम आयुक्त जैसे उच्चाधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालय में झूठा जवाब प्रस्तुत किया जाना दु:साहसिक कदम के साथ-साथ गंभीर अपराध के श्रेणी में आता है। ऐसे अपराध की पुर्नरावृत्ति ना हो इसलिए मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच किसी सेवा निवृत्त न्यायधीश के माध्यम से कराये जाने की मांग उन्होंने की है। दरअसल, कमला कॉलेज चौक में मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना अन्तर्गत निर्मित 24 दुकानों के आबंटन में अनियमितता, हितग्राहियों को आबंटन से वंचित करने और अयोग्यों को आबंटन का मामला काफी पुराना है। यहां 9 ऐसे हितग्राही हैं जिन्हें विस्थापन के लिए नोटिस देकर हटाया गया लेकिन उन्हें दुकान आबंटित नहीं की गई। अब यह हितग्राही अपनी दुकानें वापस मांग रहे हैं। वहीं दुकान आबंटन के मामले में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

### हाईकोर्ट में दोबारा याचिका दाखिल

इनमें से 6 हितग्राहियों सलीम अख्तर, निशा श्रीवास, सुनिता सोनी, मंशाराम देवांगन, आशीष सोनी, हितेश कुमार देवांगन ने दोबारा हाईकोर्ट का रुख किया है। पहले भी इन्होंने याचिका दायर की थी जिस पर न्यायाधीश ने अपने संक्षिप्त आदेश में पीटिशनर को सुना जाकर ही आवंटन की प्रक्रिया करने का निर्देश दिया था। आरोप है कि इस आदेश का पालन अधिकारियों ने नहीं किया। इसके विपरित दुकान आबंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए दूसरों को दुकान का आबंटन कर दिया गया। इस आधार पर इन हितग्राहियों ने दोबारा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

### कलेक्टर, आयुक्त ने झूठ कहा

बताया गया कि हाईकोर्ट में पूर्व में दाखिल याचिका के दौरान कलेक्टर व आयुक्त ने अपने जवाब में उच्च न्यायालय को बताया था कि, अभी दुकान आवंटन की प्रक्रिया विचाराधीन है। आबंटन की प्रक्रिया विचाराधीन होने की वजह से उच्च न्यायालय ने संक्षिप्त आदेश जारी किया था। आरोप लगाए गए हैं कि जिम्मेदार अधिकारियों की यह सफाई झूठी थी। निगम व कलेक्टर द्वारा दुकानों के आबंटन में सिर्फ खाना पूर्ति शेष थी। इसके बाद निगम द्वारा आवंटित गैर व्यापारियों से एग्रीमेंट की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई।

# गृहभाड़ा भत्ता बढ़ाने की मांग, हड़ताल की तैयारीमें फेडरेशन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फे डरेशन ने प्रदेश के कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए केन्द्र शासन के समान डीए और सॉतवें वेतनमान अनुसार गृहभाड़ा भत्ते की मांग को लेकर पुनः आवाज बुलंद करते चार चरणों में आंदोलन करने का ऐलान किया है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय सचिव एवं प्रभारी दुर्ग संभाग राजेश चटर्जी के नेतृत्व में राजनांदगॉव जिला संयोजक डॉ. केएल टांडेकर, जिला महासचिव सतीश ब्यौहरे ने संयुक्त बयान जारी कर अवगत कराया है कि जनवरी 2020 से अप्रैल 2022 की अवधि में राज्य शासन द्वारा मंहगाई भत्ता के किस्तों को देय तिथि से स्वीकृत नहीं करने की नीति के कारण प्रदेश के कर्मचारियों को हुए आर्थिक नुकसान पर विभिन्न संगठनों ने शासन के आदेश को कर्मचारियों के हितों के विपरीत बताया है। फेडरेशन ने बताया है कि शासन द्वारा 01 जुलाई 2019 से 5 प्रतिशत मंहगाई भत्ता किस्त को 01 जुलाई 2021 से प्रभावशील करने तथा 01 जुलाई 2019 से 30 जून 2021 तक कुल 02 वर्षो की अवधि का एरियस पर मौन रहने की नीति से कर्मचारी-अधिकारियों का जबरदस्त आर्थिक नुकसान हुआ है, जो आज पर्यन्त लगातार हो रहा है। शासन के इस निर्णय से राज्य शासन की मंशा स्पष्ट है। जिससे प्रदेश के हम सभी शासकीय सेवकों के वेतन भुगतान में लगातार कटौती हो रही है, जो कि हमारे मौलिक अधिकारों का हनन है। अतः राज्य के शासकीय सेवकों को केन्द्र के समान देय तिथि अनुसार निर्धारित महॅगाई भत्ता स्वीकृति हेतु एवं केन्द्र के अनुरूप 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से व सातवे वेतनमान अनुसार गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने की मांग को लेकर फेडरेशन चरणबद्ध हड़ताल के लिए संकल्पित है।

# लिव रिलेशन का दुखद अंत, गर्भवती युवती की मौत, युवक हुआ फरार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लिव रिलेशन में रह रहे युवक ने युवती के गर्भवती हो जाने और तबीयत खराब होने पर युवती को सिम्स अस्पताल में छोड़ कर फरार हो गया । युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई ।परिजनों ने युवक पर आरोप लगाया है कि उसी ने युवती को गर्भपात कराने की कोशिश कर गलत दवाई दी होगी जिससे उसकी तबीयत ज्यादा खराब हुई तो उसे अस्पताल छोड़ भाग गया। सिम्स में प्रेग्नेंट युवती की मौत हो जाने के बाद अस्पताल लाने वाला युवक फरार हो गया। बाद में पता चला कि युवक-युवती दो साल लिव-इन में रह रहे थे। परिजनों को इस बात की खबर भी नहीं थी. परिजनों ने युवती की मौत पर कई सवाल उठाये हैं। परिजनों को संदेह है कि अबॉर्शन की कोशिश के कारण युवती की मौत हुई होगी। । बिलासपुर में बुधवार को लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक प्रेग्नेंट युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई. ।युवती करीब सात-आठ माह की गर्भवती थी. ।बताया जा रहा है कि तबीयत बिगड़ने पर युवक उसे जिला अस्पताल लेकर गया,। जहां उसकी गंभीर हालत को देख सिम्स रेफर कर दिया गया।सिम्स पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस जब सिम्स पहुंची, तब युवक भाग गया। इधर युवती के परिजनों ने अबॉर्शन के लिए दवा खिलाने की आशंका जताई है.।घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार सरकंडा थाना क्षेत्र की 26 साल की युवती और युवक पिछले दो साल से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई। बताया जा रहा है कि युवती 7-8 माह से गर्भ में थी। बीते दिनों अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। तब युवक उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गया। वहां उपचार चल रहा था, जहां उसकी हालत गंभीर होने बुधवार को सिम्स भेजा गया, पर वहां उपचार शुरू होने के पहले ही युवती ने दम तोड़ दिया ।युवती के शव के पास कोई नहीं मिला, तब सिम्स स्टाफ और पुलिस ने शव को मॉर्चुरी में शिफ्ट करा दिया इस दौरान पुलिस ने सरकंडा थाने को सूचना दी और युवती के परिजनों की जानकारी जुटाई। जानकारी मिलते ही परिजन सिम्स पहुंचे। तब तक शाम हो गई थी।इसके चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सिम्स चौकी प्रभारी योगेश गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच सरकंडा पुलिस कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवती की मौत के कारणों का पता चल सकेगा।युवती के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह दो साल से अलग रह रही थी। उन्हें युवक के साथ संबंध की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने आशंका जताई है कि जब युवती गर्भवती हो गई, तब युवक ने अबॉर्शन कराने के लिए उसे दवा खिला दी होगी।इसके चलते उनकी बेटी की तबीयत बिगड़ गई होगी। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# उचित मूल्य दुकान से कम राशन वितरण पर ग्रामीणों ने कार्यवाही की मांग की

जैजैपुर। मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अमाकोनी में संचालित उचित मूल्य की दुकान राजनंदनी महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किया जा रहा हैद्य जिनके द्वारा अप्रैल और मई 2022 के राशन वितरण में भारी अनमितता बढ़ती गई हैद्य जिसमें प्रत्येक राशन कार्ड हितग्राहियों से 20 से 30 किलो चावल कम वितरण किया गया है, तथा मिट्टी तेल भी हर माह वितरण नहीं किया जाता। इसी परिपेक्ष्य को लेकर ग्राम पंचायत अमाकोनी के निवासियों ने जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति, खाद्य अधिकारी जांजगीर चांपा एवं खाद्य निरीक्षक जैजैपुर को इनकी जानकारी दिया है उन्होंने कहा है, कि राजनंदनी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा जो संचालित का कार्य किया जाता है उसे निरलंबित करने की मांग ग्रामीणों ने किया है ताकि हर उपभोक्ता को सही समय पर सही मात्रा में खाद्य सामग्री का वितरण हो अब देखने वाली बात यह है कि आए दिन समाचार पत्रों में पीडीएफ में भारी अनमितता का समाचार प्रकाशित हो रहा है। अब इसमें अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं यह वक्त ही बताएगा।

# प्रतिष्ठित साहित्यकार स्व श्रीकांत वर्मा की पुत्रवधु बिलासपुर पहुंची, कहा- ससुर के अधूरे काम को आगे बढ़ाएगी




पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर में जन्मे, पले, बढ़े,यहां की जमीन से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार ,कवि,पूर्व ,राज्यसभा सदस्य स्व श्रीकांत वर्मा की पुत्रवधु एंका वर्मा का पहली बार अपने ससुर की पुण्यतिथि पर उनकी जन्मस्थली में आना हुआ। दो दिवसीय इस प्रवास में उन्होंने श्रीकांत वर्मा शोधपीठ और श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गुरुवार को प्रेस क्लब पहुंचकर पत्रकारों से भी चर्चा की। श्रीमती एंका वर्मा ने कहा कि उन्हें यहां कर बहुत ही सुकून मिल रहा है। क्षेत्र की इस धरती ने जो स्नेह और अपनापन उनके पिता समान ससुर को दिया वही स्नेह और सम्मान उन्हें भी यहां आकर मिल रहा है। श्रीकांत वर्मा को गुजरे हुए 36 साल हो गए हैं। पहली बार बिलासपुर पहुंची एंका वर्मा ने इच्छा जताई कि वह समय-समय पर यहां आकर लोगों के हित मे कुछ करती रहूं। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने उन सभी परिवारों का जिक्र किया जो उनके ससुर से काफी आत्मीयता रखते थे। उन्होंने बताया कि स्व रामबाबू सोन्थलिया,स्व बी आर यादव, दाभड़कर जी के घर जाकर उनके परिजनों से मिली और श्रीकांत जी की बहन के परिवार से भी मिलीं, तथा कायस्थ समाज के पदाधिकारियों से भी भेंट कर उनका हालचाल जाना।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि आगे भविष्य में वो यहां के लिए कुछ करना चाहेंगी। आगे भी अब लगातार आते रहने की भी बात कही। पत्रकारों के पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने राजनीति में प्रवेश करने से साफइंकार किया और कहा कि उनका राजनीति से कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने ट्रस्ट और शोधपीठ के जरिये कुछ नया करने का भरोसा लोगो को दिलाया है। एंका वर्मा ने बिलासपुर की जनता को आश्वासन दिया की श्रीकांत जी की 91वें जन्म दिवस 18 सितम्बर 2022 को वो श्रीकांत जी की पत्नी वीणा वर्मा और उनके पुत्र अभिषेक वर्मा के साथ बिलासपुर दोबारा आएँगी। इस अवसर पर कृष्ण कुमार यादव (राजू) ने बताया कि स्व.श्रीकांत वर्मा की याद में शोध पीठ का गठन करने का निर्णय म्प्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने लिया था लेकिन उस पर अमल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने किया है ।शोध पीठ और स्व .श्रीकांत वर्मा स्मृति ट्रस्ट मिलकर स्व वर्मा के साहित्यों,कविता आदि का संकलन कर नए कलेवर दिया जायेगा । पत्रकारों ,साहित्यकारों कवियों को आमंत्रित कर स्व वर्मा का साहित्य और बिलासपुर के प्रति योगदान को याद कर उनके अधूरे काम को आगे बढ़ाया जाएगा।

# सीनियर नेशनल इंडियन ग्रांड पिक्स चैंपियनशिप के 400 मी दौड़ वर्ग में आयुष प्रथम स्थान



बिलासपुर। दिनांक 22 से 24 मई 2022 को भुवनेश्वर (उड़ीसा) में आयोजित सीनियर नेशनल इंडियन ग्रांड पिक्स चैंपियनशिप के 400 मीटर दौड़ वर्ग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के आयुष दाबास, सीसीटीसी/ बिलासपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्तमान में आयुष दाबास आगामी कामनवेल्थ गेम्स की तैयारी हेतु भारतीय एथलेटिक्स दल के सदस्य के रूप में केरल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आयुष दाबास को आगामी कामनवेल्थ गेम्स हेतु महाप्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ ने शुभकामनाएं दी हैं।

# प्री मानसून तो नहीं! नवतपा के दूसरे दिन तेज हवाओं के साथ बिलासपुर में जमकर बारिश

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नौतपा का दूसरा दिन शहर के लिए राहत भरा रहा सुबह और दोपहर को तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश हुई इस बारिश से लग रहा है प्री मानसून आ गया है नौतपा लगने के 1 दिन पहले से ही शाम को तेज आंधी और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ हल्की बारिश में भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत तो मिली है लेकिन हल्की से अंदर चलने के बाद रात रात भर बिजली बंद रहने से लोगों को परेशानी भी हो रही है कल ना तो खा के पहले दिन मौसम 39 डिग्री से ऊपर नहीं हो पाया वही आज दूसरे दिन सुबह 11ः00 बजे आकाश में काले बादल छाने के साथ ही लगभग 10 मिनट अच्छी बारिश हुई उसके बाद तेज धूप निकल आई लेकिन शाम 4ः30 बजे अचानक अंधेरा छाने लगा और आकाश में काले बादल के साथ ही तेज हवाएं चलने लगी इसी बीच जोरदार बारिश भी शुरू हो गई लगभग आधे घंटे तक तेज बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया लेकिन बिजली बंद हो जाने से लोगों का काम प्रभावित हुआ तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली नौतपा के शेष 5 दिन में भी इसी तरह तेज आंधी और हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है।

# इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर को पीटा और कलेक्टर ने अपने ही खिलाफ जांच कमेटी बिठा दी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आपातकालीन ड्यूटी पर पदस्थ चिकित्सक ने 25 मई को उनके साथ हुई मारपीट का आरोप जिन कलेक्टर पर लगाया है। आश्चर्य की बात देखिए की वही कलेक्टर तुरंत जांच कमेटी बिठाने का निर्देश दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ नितीश आनंद सोनवानी 25 मई की रात को दुलदुला जशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आपात ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने आरोप लगाया है कि उस दौरान निरीक्षण के नाम पर पहुंचे कलेक्टर एवं संसदीय सचिव व निरीक्षण टीम के सदस्यों ने उनके साथ गाली-गलौज धक्का-मुक्की और मारपीट की है। इस मारपीट से अपमानित और हताश डॉक्टर नीतीश आनंद सोनवानी ने जशपुर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर अपने कलेक्टर एवं संसदीय सचिव तथा अन्य के द्वारा की गई मारपीट की जानकारी देते हुए कहा है कि ऐसी घटना से मैं बेहद अपमानित महसूस कर रहा हूं। इसलिए मैं स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं। आपसे निवेदन है कि आप इस पत्र को गंभीरता से लेकर इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें जिससे भविष्य में किसी चिकित्सक के साथ ऐसे अपमानजनक हालात का सामना ना करना पड़े। विडंबना देखिए कि इस घटना के सोशल मीडिया में प्रचारित प्रसारित होने के बाद डॉक्टर से मारपीट के आरोपी जशपुर कलेक्टर ने ही आनन-फानन एक जांच कमेटी गठित कर दी। इस मामले में सवाल यह उठता है कि क्या कोई आरोपी ही भले वह कितने भी बड़े पद पर हो अपने खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकता है क्या।वहीं बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय ने इस पूरी घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि शासन को इस पूरे मामले की जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी करना चाहिए। विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि कलेक्टर पर लगे आरोप बहुत गंभीर हैं। शराब के नशे में मारपीट और गाली गलौज का आरोप बहुत बड़ी बात है।

# बाइकर्स छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पर्यटन स्थलों का प्रचार करेंगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पर्यटन स्थलों की जानकारी साझा करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से मोटरसाइकिल सवार 36 गढ़ राइडर्स क्लब के बैनर तले निकलेंगे। बुलेट (रॉयल एनफिल्ड) चलाते हुए ये चालक विभिन्न प्रदेशों से होते हुए 6000 किमी की यात्रा पूरी करने के साथ वापस छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। इनकी यात्रा सोशल मीडिया में GhoomoFi और gurujionride चैनल के माध्यम से देखी जा सकती है। चालक दल के छह सदस्य रॉयल एनफिल्ड मोटरसाइकिल से 3 जून को सुबह 5 बजे रायपुर से उमलिंगला के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर होते हुए लद्दाख पहुंचेंगे। विश्व की सबसे ऊंची सड़क उमलिंगला होते हुए वापस छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान जगह-जगह रुक कर लोगों को छत्तीसगढ़ और यहां के पर्यटन स्थल के सम्बंध मे जानकारी देंगे।






# नई तकनीक से मरीजों के इलाज को और सुविधाजनक बनाने स्टोन कांकलेव लाइव वर्कशाप 28 व 29 को

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




बिलासपुर अंचल में नए आयाम के और अग्रसर होते हुए नए तकनीक से मरीजों के इलाज को और सुविधाजनक बनाने के लिए स्टोन कॉन्क्लेव लाइव वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में किडनी की पथरी के इलाज के लिए नवीनतम तकनीक के बारे में बताया जायेगा और इस कार्यशाला में सारे यूरोलॉजिस्ट भाग ले रहे है उनको नई नई तकनीक नई लेजर मशीन और नई पद्धतियों से अवगत कराया जायेगा। इस वर्कशॉप में पुरे भारत से लगभग 70-80 यूरोलाजिस्ट के भाग लेने की सम्भावना है। इस तरह का वर्कशॉप यूरोलॉजी सोसाइटी द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार कराया जा रहा है। स्टोन सर्जरी पर लाइव ऑपरेटिंग कार्यशाला मार्क हॉस्पिटल, छ.ग यूरोलॉजी सोसाइटी और यूरोलॉजीकल सोसाइटी ऑफ इंडिया वेस्ट जोन द्वारा स्टोन कॉन्क्लेव का आयोजन 28 और 29 मई को रखा गया है। इसका लाइव प्रसारण होटल आनंदा इम्पीरियल में किया जायेगा जिसमे राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात डॉक्टर द्वारा सर्जरी की जाएगी। नेपाल से प्रख्यात् डॉ संजय खड्गी और भारत के प्रख्यात् डॉक्टर डॉ आर बी सबनिस, डॉ जे जी लालमलानी, डॉ कंदर्प पारीख, डॉ चंद्रा मोहन वड्डी, डॉ गौरांग शाह, डॉ कौशिक शाह डॉ नान्जप्पा के एम्, डॉ हिरेन सोढ़ा डॉ आदित्य शर्मा, डॉ शब्बीर हुसैन डॉ हर्षवर्धन तंवर,डॉ राहुल कपूर, डॉ जयंत कनस्कर और ऑर्गनाइजिंग सेकेट्री डॉ कमलेश मौर्य के द्वारा सभी सर्जरी की जाएगी।

# बंद यात्री ट्रेनों को चालू करवाने कांग्रेसी नेताओं का नेता प्रतिपक्ष के निवास के सामने मौन धरना

बिलासपुर। रेलवे बोर्ड द्वारा बंद ट्रेनों को नियमित रूप चलाने की मांग को लेकर गए कांग्रेस नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के निवास के सामने पंडाल लगाकर मौन धरना प्रदर्शन किया। तेज आंधी, तूफान और बारिश के बाद भी कांग्रेसी टस से मस नहीं हुए। कोरोना कॉल के चलते पिछले 2 साल से ट्रेनों की आवाजाही ठप है। कोरोना की आड़ लेकर रेलवे ने कई छोटे स्टेशनों में ट्रेनों के ठहराव को बंद कर दिया है। जिसके चलते यात्रियों को मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है।

# साइबर सेल ने 50 मोबाइल को बरामद कर मालिकों को लौटाया

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर पुलिस ने गुम व चोरी हुए मोबाइल फेन को ढूंढकर वापस धारकों को देने का सिलसिला जारी है । साइबर की टीम ने एक बार फिर 50 मोबाइल फेन को ढूंढकर धारकों को पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने वापस किया है । राजेश अग्रवाल ने बताया कि विश्वास अभियान के तहत गुम हुआ मोबाईल को लगातार ट्रेक कर रिकवर कर रही है और बारमद होने वाले मोबाइलों को वापस दे रही है। इससे आमजनों पर पुलिस के लिए एक विश्वास कायम बना रहे। बता दें कि इससे पहले भी मोबाइल धारकों को वापस किया गया है । बुधवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में मोबाईल फ़ेन लौटाए गए । अति. पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में साइबर सेल द्वारा खोए हुए मोबाईल फेन का डाटा टेलीकॉम कंपनी से प्राप्त किया गया और सभी खोए हुए मोबाईल की बरामदगी हेतु अनुभागवार 4 टीम गठित की गई थी।

**इतने थाने में रिपोर्ट दर्ज-** थाना जशपुर क्षेत्र के 15 नग , थाना कुनकुरी क्षेत्र के 15 नग , थाना तुमला क्षेत्र के 03 नग , थाना बगीचा क्षेत्र के 03 नग , थाना कांसाबेल क्षेत्र के 08 नग थाना दुलदुला क्षेत्र के 02 नग थाना पत्थलगांव क्षेत्र के 03 नग एवं थाना तपकरा क्षेत्र के 01 नग कुल 50 नग मोबाईल फेन बरामद किया गया था।

**इनका रहा अहम भूमिका-** गुम मोबाईल फेन को बरामद करने में साइबर सेल के उप निरी . नसरुद्दीन अंसारी , प्र.आर. 87 हरिशंकर राम , प्र . आर . निर्मल बड़ा थाना दुलदुला प्र . आर . परमजीत सिंह थाना कुनकुरी आर . 403 नंदलाल यादव थाना कुनकुरी 685 मुकेश पाण्डेय थाना बगीचा , एवं सायबर सेल के आर .634 सुनसाय भगत आर .699 अनिल सिंह आर . 80 संदीप साय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

थानों में प्राप्त गुम आवेदनों पर कार्रवाई जारी है । जैसे - जैसे मोबाइल साइबर को मिल रहे है , धारकों को वापस किया जा रहा है । सायबर की टीम ने ट्रैक किए 50 मोबाइल फ़ेन को टीम ने ट्रैक किया। विश्वास अभियान के तहत धारकों को फ़ेन सौंपा गया।
-राजेश अग्रवाल पुलिस अधीक्षक जशपुर

सत्रहवीं पुण्यतिथि पर

## अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



## स्व.सतवंत सिंह गिल (गप्पू भैया)

15.04.1962 - 27.05.2005

**हर रोज़ स्मरण करते हैं आपको ... दिल से नमन करते हैं आपको**

शब्द नहीं है उनके लिये अब हमारे पास
वो जितने थे अब उतने नहीं है हमारे पास
अब हम उनसे भले ही दूर हैं, लेकिन हमें पता है
उस बरगद के पेड़ की छवि हमेशा रहेगी हमारे पास

आपकी दया, करुणा, स्नेह एवं समस्त परिजनों के प्रति आपका ममत्व भाव हमारे दिलों में समाया हुआ है. आपकी पवित्र आत्मा को प्रभु शाश्वत सुख व परम शांति प्रदान करे..

"आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे"

शोकाकुल

गिल परिवार, मित्रगण एवं महेन्द्रा ग्रुप के समस्त सदस्यगण

**गप्पू महेन्द्रा ग्रुप**

**(महेन्द्रा ट्रेव्हल्स)**

sumit







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403